''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 94 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए शनिवार, 05 अप्रैल 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## प्रत्येक विषय की गंभीरता से समीक्षा करके समयबद्ध रूप में कार्यवाही होगी : विपुल गोयल

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**चंडीगढ़।** कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने शुक्रवार को सफाई कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की एवं उनकी विभिन्न मांगों को सुना। विपुल गोयल ने इस दौरान सफाई कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता करते हुए प्रत्येक मांग की गंभीरता से समीक्षा की। उन्होंने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर संबंधित अधिकारियों एवं विभागों से विस्तृत चर्चा के बाद उचित विचार किया जाएगा एवं प्रत्येक विषय में समयबद्ध तरीके से कार्यवाही होगी।



**विपुल गोयल की सकारात्मक पहल**

उल्लेखनीय है कि सफाई कर्मचारी संघ अपने कई मुद्दों को लेकर विगत कुछ समय से समय-समय पर अपने विचार रख रहा है। ऐसे में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल द्वारा सफाई कर्मचारी संघ के साथ सीधा संवाद करना एक सकारात्मक पहल है। यह बैठक दर्शाती है कि विपुल गोयल सफाई कर्मचारियों और सरकार के बीच किसी भी प्रकार का प्रशासनिक व्यवधान नहीं रखना चाहते। इस बैठक के सफलतापूर्वक संपन्न होने से सफाई कर्मचारियों के मन में उत्साह है एवं प्रतिनिधिमंडल को भी यह विश्वास हुआ कि उनकी मांगों पर कार्यवाही होगी।

**ट्रिपल इंजन की सरकार से नागरिकों को मिले उपहार: विपुल गोयल**

इससे पहले, नगर निगम चुनावों के नतीजे आने के साथ ही प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बन चुकी हैअर्थात केंद्र, राज्य एवं शहरी स्थानीय निकायों में भाजपा की ही सरकार है। नगर निगम चुनाव में 10 में से 9 सीटों पर भाजपा के मेयर व चेयरमैन प्रत्याशी विजयी हुए थे। उस समय कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा था कि जिस ऐतिहासिक विजय का उपहार भाजपा को मिला है, उसी ऐतिहासिक गति से हमें विकास कार्य करने होंगे एवं बुनियादी सुविधाओं को श्रेष्ठ बनाना होगा, जिससे हरियाणा के सभी नागरिकों को एक बेहतर शहर एवं नगर का उपहार मिल सके।

**सुशासन एवं पारदर्शी सरकार के मूल्यों को मजबूती**

बैठक में हुई सकारात्मक चर्चा से बुनियादी सुविधाओं पर कार्य में गति आने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। जब सफाई कर्मचारी संघ के साथ हुई यह बैठक सकारात्मक नतीजा देगी, तो इसका असर शहरी स्थानीय निकाय विभाग के स्वच्छता संबंधित कार्यों पर भी स्पष्ट रूप से दिखेगा।

प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि इस प्रकार सफाई कर्मचारी संघ के साथ बैठक करके विभिन्न विषयों पर सीधे विचार करने से सुशासन एवं पारदर्शी सरकार के आदर्श और अधिक मजबूत होते हैं।

## खादय आपूर्ति मंत्री ने 17 में से 14 शिकायतों का मौके पर किया समाधान




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** खादय आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने 17 में से 14 शिकायतों का मौके पर किया समाधान,शहर में नाले की सफाई व्यवस्था करवाने के लिए रैम्प तोडने.के दिए आदेश,शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन चलाए विशेष अभियान,विवेकानंद कालोनी के पास डम्पर खड़े करने और हैवी ट्रैफिक पर लगाई जाए रोक,डाक विभाग की तरफ से उपायुक्त ने प्रार्थी को हाउस के समक्ष सौंपा 1 लाख 59 हजार 400 रुपए का चैक,ज्योतिसर के पास अब माइनिंग विभाग नहीं देगा खेतों से मिट्टी उठाने की अनुमति,खंबा लगवाने के लिए प्रार्थी रेखा को की जाएगी आर्थिक मदद,पेंशन धारकों को नहीं आनी चाहिए परेशानी, जल्द शुरू की जाए पेंशन,एक्सईएन प्रार्थी को साथ ले जाकर ज्योतिसर सडक़ की खामियों को करेंगे पूरा,प्रार्थी शारदा रानी के मामलें में एडीसी को दिए जांच के आदेश। हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि गांव यारा में केशव के परिजनों की मृत्यु के बाद रिश्तेदारों द्वारा डराने, धमकाने, नकदी जेवरात हथियाने के मामले में आरोपियों तथा मामले में शिकायत के बावजूद लापरवाही बरतने वाले शाहबाद थाना के एसएचओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए गए है। इसके बाद इस मामले की जांच सीआईए-टू करेगी। इसके अलावा एसडीएम शाहबाद और एएसपी भी इस मामले में विशेष जांच करेंगे। अहम पहलू यह है कि राज्यमंत्री ने केशव की सुरक्षा के लिए कुछ समय के लिए पुलिस कर्मी उपलब्ध करवाने के आदेश भी दिए है।

**मृतक परिवार के इकलौते पुत्र को डराने, धमकाने के मामले में आरोपियों व लापरवाही बरतने पर एसएचओ के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : राजेश नागर**

राज्यमंत्री राजेश नागर शुक्रवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस बैठक में राज्य मंत्री ने 5 पुरानी शिकायतों में से 3 शिकायतें और 12 नई शिकायतों में 11 शिकायतों का मौके पर समाधान किया। इस प्रकार कुल 17 में से 14 शिकायतों का निपटारा किया गया है।

## अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा का उल्लंघन है वक्फ बिल : लुकमान रमीज

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** वक्फ संशोधन बिल आखिरकार जोरदार हंगामे के बाद संसद के दोनों सदनों यानी लोकसभा और राज्यसभा से बहुमत के साथ पारित हो गया है। अब यह राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून बन जाएगा। इसे लेकर कांग्रेस समेत कई पार्टियों ने विरोध जताया था, मगर सरकार ने सदनों में चर्चा करने के बाद इस पर वोटिंग करा ली, जिसमें यह कानून पास हो गया।

वक्फ बिल के बारे में कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष माइनॉरिटी डिपार्टमेंट हरियाणा प्रदेश एवं कोऑर्डिनेटर हरियाणा प्रदेश जिला मेवात प्रभारी ओबीसी सेल लुकमान रमीज ने कहा कि यह विधेयक संविधान के अनुच्छेद 25 यानी धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन करता है। अनुच्छेद 25 भारतीय नागरिकों को अपनी धार्मिक मान्यताओं के अनुसार संपत्ति और संस्थानों का प्रबंधन करने का अधिकार देता है। ऐसे में अगर वक्फ संपत्तियों का प्रशासन बदलता है तो यह धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन हो सकता है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 26 यानी धार्मिक संस्थाओं के प्रशासन का उल्लंघन। यह अनुच्छेद धार्मिक समुदायों को अपनी धार्मिक संस्थाओं को प्रबंधित करने का अधिकार देता है। इस विधेयक से वक्फ बोर्ड के अधिकारों में कमी आ सकती है, जिससे यह प्रावधान प्रभावित हो सकता है।



लुकमान रमीज ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 यानी अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा का उल्लंघन। मुस्लिम संगठनों का दावा है कि यह विधेयक अल्पसंख्यकों को कमजोर कर सकता है और उनकी संपत्तियों को सरकारी नियंत्रण में ले सकता है।

गौरतलब है कि फरवरी, 2023 में एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था-कानून बनाना संसद की संप्रभुता है, हम इसमें दखल नहीं देंगे। इस टिप्पणी के साथ शीर्ष अदालत ने एक उम्मीदवार को दो विधानसभा या संसदीय क्षेत्र से एकसाथ चुनाव लड़ने से रोकने की मांग पर विचार करने से इनकार कर दिया था। ऐसे में वक्फ संशोधन विधेयक के मामले में अगर चुनौती दी गई तो सुप्रीम कोर्ट कुछ ऐसा ही कह सकता है।




## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में हरियाणा का रहेगा विशेष योगदान : मुख्यमंत्री

**समाचार गेट**/नरवीर यादव

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में हरियाणा का विशेष योगदान रहेगा। इसी तरह से हम सभी को मिलकर हरियाणा के विकास की गति को और तेजी से आगे बढ़ाना होगा। सरकार की नीतियों व कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना होगा। मुख्यमंत्री आज अपने निवास चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में अंबाला से आए सैकड़ों लोगों को संबोधित कर रहे थे।





मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हर क्षेत्र में विकास हुआ है और दुनिया में भारत का नाम ऊंचा हुआ है। अब भारत सुरक्षित, लोगों के हितों को सर्वोपरि रखने वाला, तीव्र गति से विकसित होने वाला राष्ट्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा की जनहितैषी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। पात्र व्यक्तियों को चिंता करने की जरूरत नहीं हैं, क्योंकि सरकार उनके हितों का पूरा ख्याल रख रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हरियाणा का विकास तेज गति से हो रहा है। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे आवागमन की बेहतर सुविधाएं मिली है। ट्रिपल इंजन की सरकार तीन गुना तेजी से काम करके देश व प्रदेश में विकास कार्यों में बढ़ोतरी करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा की सरकार ने किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है। हरियाणा देश का पहला राज्य है जो किसानों की सभी फसलों को शत प्रतिशत एमएसपी पर खरीद रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीने में 1.50 लाख लोग संत कबीर कुटीर में उनसे मिलने पहुंचे, जिनमें से 75 हजार लोगों के काम किए गए। अन्य लोगों के काम भी तीव्र गति से किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हिसार में महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट का उदघाटन और यमुनानगर में 800 मेगावाट बिजली की नई यूनिट का शिलान्यास करने आ रहे हैं। इस यूनिट पर 7272 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जो कि वर्ष 2028 के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने लोगों से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में यमुनानगर में पहुंचे। इस मौके पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी, पूर्व मंत्री श्री असीम गोयल, पूर्व मंत्री श्रीमती संतोष सारवान, श्रीमती बंतो कटारिया सहित काफी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीन बंधू छोटूराम थर्मल पावर प्लांट की तीसरी यूनिट का करेंगे शिलान्यास

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर यमुनानगर में दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट की तीसरी यूनिट का शिलान्यास करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर जिला यमुनानगर के पंचकूला-सहारनपुर हाईवे के नजदीक गांव कैल में शुक्रवार को विकास एवं पंचायत और सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा -निर्देश दिए। इसके उपरांत



जिला सचिवालय के सभागार में जिला के सभी अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 14 अप्रैल 2025 को यमुनानगर थर्मल पावर प्लांट में स्थापित होने वाली 800 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाली नई इकाई का शिलान्यास करेंगे तथा जनसभा को भी संबोधित करेंगे। श्री अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी होगी, ऐसे में पार्किंग, हेलीपेड और वाहनों के लिए अलग रास्ते चिनहित किए जाएं ताकि ट्रैफिक व्यवस्था सुव्यवस्थित हो और लोग सुगमता से रैली स्थल पर पहुंच पाएं। उन्होंने कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग को स्टेज, पंडाल व पार्किंग के कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता को स्वच्छ पेयजल और शौचालयों का प्रबंध करने के भी निर्देश दिए।



# संभल जामा मस्जिद में हवन करने पहुंचे लोग

## यूपी में जुमे पर हाईअलर्ट, लखनऊ में ड्रोन से निगरानी, 75 जिलों में फ्लैग मार्च

**लखनऊ ।** वक्फ संशोधन बिल संसद से पास हो गया है। इसका विपक्ष और मुस्लिम समुदाय के लोग विरोध कर रहे हैं। बिल पास होने के बाद आज पहला जुमा है। ऐसे में मस्जिदों के बाहर भीड़ इकट्ठा हुई है। इसे देखते हुए यूपी में हाई अलर्ट है। सभी 75 जिलों में पुलिस फ्लैग मार्च कर रही है। लखनऊ में दरगाहों और मस्जिदों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। संभल जामा मस्जिद में नमाज के दौरान दिल्ली से आए 3 लोग मस्जिद के बाहर हवन करने पहुंच गए। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया है। एसपी कृष्ण बिश्नोई ने बताया- इन लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, ज्ञानवापी के पैरोकार एसएम यासीन ने कहा - इस नए बिल से प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट (पूजा स्थल अधिनियम) कमजोर होगा।



मुस्लिम ही नहीं, अन्य धर्मों के पूजा स्थल भी सरकार की जमीनों, पार्कों और सड़कों पर हैं। नियम सभी के लिए बराबर होने चाहिए। इधर, वक्फ बिल पर बसपा प्रमुख मायावती ने कहा - भाजपा सरकार ने बिल को जल्दबाजी में लाया है। अगर इसे समझने के लिए जनता को और समय दिया जाता तो अच्छा होता। अगर इसका दुरुपयोग हुआ, तो बसपा मुसलमानों के साथ खड़ी होगी। वाराणसी के जावेद अख्तर ने कहा - यह बिल हमें स्वीकार नहीं है। सरकार ने अपने शक्ति का दुरुपयोग किया है।वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने पर सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा- कोर्ट में जाना चाहिए, बिल असंवैधानिक है। हमने जो आशंका व्यक्त की थी कि ये लोगों की संपत्ति लेंगे, वैसा ही देखा गया कि राष्ट्रपति के बिना हस्ताक्षर के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आदेश कर दिया कि अवैध संपत्ति को जब्त कर लो। पूरा विपक्ष एक साथ रहा और आगे भी साथ रहेगा। वाराणसी के फिरोज ने



कहा- भाजपा और फ्रर हमेशा अल्पसंख्यकों को परेशान करने और उनका अहित करने में लगी रहती है। देश में इससे बड़े मुद्दे हैं, लेकिन उन पर चर्चा नहीं होती। वाराणसी के शकील अहमद ने कहा - सभी जिलों के धर्मगुरुओं से बात करनी चाहिए थी। चंद लोगों से बात करके बिल पास कर दिया गया, जो गलत है। आज नमाज के दौरान सभी से शांति बनाए रखने की अपील की गई और अब हम कोर्ट में जाएंगे।जालौन डीएम राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने संवेदनशील क्षेत्र कालपी में फ्लैग मार्च निकाला। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। बुलंदशहर एसएसपी श्लोक कुमार ने फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। कहा - अफवाहों से दूर रहें। कानून-व्यवस्था में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संभल जामा मस्जिद में नमाज के दौरान दिल्ली से आए कुछ लोग मस्जिद के बाहर हवन करने पहुंच गए। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जेसीपी बबलू कुमार ने कहा- वक्फ बिल के मुद्दे को ध्यान में रखते हुए अलर्ट किया गया है। रमजान और ईद के महीने में जिस प्रकार मोहल्ले और चौकी स्तर पर कोऑर्डिनेशन करके सब कुछ शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाया गया, उसी प्रकार पुलिस और आम जनता के बीच बातचीत और समन्वय स्थापित किया गया। सुरक्षा को देखते हुए 10 कंपनी पीएसी, 1 कंपनी RAF, 1000 पुलिसकर्मी और 12 राजपत्रित अधिकारी तैनात किए गए हैं। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से संवेदनशील क्षेत्रों की मॉनिटरिंग की जा रही है। शहर के जो भी बड़े धार्मिक स्थल हैं, वहां लगातार आलाधिकारी भ्रमण कर रहे हैं।

## स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को किया गया सम्मानित



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** डेडीकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (डीसीसीसी) के सफल संचालन की अवधि तीन वर्ष पूरे होने पर नगरपालिका परिषद कुशीनगर के सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता के क्षेत्र में योगदान देने वाले लोगों को अंग वस्त्र और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में नगर को स्वच्छ रखने में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित करते हुए नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि नगर को स्वच्छ रखने में स्वच्छता एम्बेसडर, क्लबों, मित्रों ने सराहनीय योगदान दिया है और नगर में स्वच्छता ही सेवा, छठ घाट, पर्वों, अभियानों पर स्वच्छ वातावरण विकसित करने में अपनी महत्ती भूमिका का निर्वाह किया है। आपकी उत्कृष्ट सेवा की बदौलत स्वच्छता के मामले में नीट एंड क्लिन का सपना साकार हुआ है। ईओ अंकिता शुक्ला ने कहा कि रोस्टर के अनुसार नगर के सभी वार्डो की नियमित सफाई स्वच्छता मित्रो द्वारा की जाती है। जो प्रशंसनीय है। इस मौके पर स्वच्छता प्रोत्साहन समिति के ब्रांड एम्बेसडर दिनेश तिवारी, वाहीद अली, उमेश जायसवाल, स्वच्छता योद्धा ध्रुव कुमार मद्धेशिया, ट्यूलिप इंटर साकेत गोविंद राव, डेडीकेटेड सफाईकर्मी रोहित, मोहित, अन्य उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिक अजय सिंह, स्वच्छ चैंपियन मनीष मोदनवाल, स्वच्छ सारथी क्लब से उपेंद्र सिंह, दुर्गेश चतुर्वेदी, अवधेश कुशवाहा, डेडीकेटेड कर्मचारी गोपाल, दिव्येंदु गौतम, रिजवान, अजरूद्दीन, अजय, अभिषेक, कामोद, मुद्रिका को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन नगर के स्वच्छता प्रभारी श्रवण कुमार गौतम ने करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए जन जागरूकता को आंदोलन बनाना होगा।

इस दौरान प्रधान लिपिक राजेश कुमार श्रीवास्तव, जल कल प्रभारी उग्रसेन शर्मा, रास बिहारी श्रीवास्तव, रजनीश राव, विजय कुमार सहित नगर कर्मी मौजूद रहे।

## फाजिलनगर में विकास कार्यों की रफ्तार तेज, कोताही बर्दास्त नहीं : प्रमुख प्रतिनिधि राजेश जायसवाल

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** फाजिलनगर के प्रमुख प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने अपने सहयोगियों के साथ ग्राम सभा कनौरा में हो रहे सीसी रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया और कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि फाजिलनगर विकास खंड को विकास के शिखर पर पहुंचाना मेरा संकल्प है। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि प्रत्येक गांव को



विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति और अन्य बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में कोई भी कोताही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि सीसी रोड निर्माण कार्य से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। जिससे सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। इस दौरान जोकवा बाजार के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नागेंद्र गुप्ता, करजही के पूर्व ग्राम प्रधान ब्रजेश पांडेय, कनौरा के क्षेत्र पंचायत सदस्य धर्मेंद्र यादव समेत स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों ने राजेश जायसवाल के प्रयासों की सराहना की और विकास कार्यों की गति को बनाए रखने की अपील की। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए आभार जताते हुए कहा कि इससे उनके क्षेत्र में आवागमन में आसानी होगी और अन्य गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। फाजिलनगर क्षेत्र में विकास योजनाओं को तेज गति से लागू करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी लगातार निगरानी की जा रही है। श्री जायसवाल ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत को आवश्यक सुविधाओं से जोड़ा जाएगा और कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा।

## 25वीं मैरिज एनिवर्सरी पर डांस करते-करते कारोबारी की मौत





**बरेली।** 50 साल के एक व्यापारी की डांस करते-करते मौत हो गई। व्यापारी ने शादी की 25वीं सालगिरह पर बुधवार रात शहर के एक मैरिज लॉन में पार्टी रखी थी। वे अपनी शादी की सिल्वर जुबली मना रहे थे। व्यापारी वसीम अपनी पत्नी के साथ उख पर डांस कर रहे थे। तभी गश खाकर गिर पड़े। यह देख लोग दौड़े। चेहरे पर पानी के छींटे मारे। उठाने की तमाम कोशिश की, लेकिन वसीम दोबारा नहीं उठे। घटनाक्रम का लाइव वीडियो सामने आया है।पूरा मामला बरेली के पीलीभीत बाईपास रोड स्थित एक मैरिज लॉन का है। शाहबाद निवासी वसीम सरवत जूता कारोबारी थे। सब्जी मंडी के सामने उनकी दुकान है। पत्नी फराह एक प्राइवेट स्कूल में टीचर हैं। बुधवार को उनकी शादी की 25वीं सालगिरह थी। वसीम और उनकी पत्नी फराह ने सालगिरह मनाने के लिए बुधवार रात पार्टी रखी थी। कार्ड छपवाकर इस पार्टी में रिश्तेदारों को भी बुलाया गया था। सब वसीम और फराह की शादी के 25 साल पूरे होने के जश्न में डूबे थे। पार्टी में सभी लोग इंजॉय कर रहे थे। वीडियोग्राफर पार्टी के पलों को अपने कैमरे में कैद कर रहे थे। बुधवार रात करीब नौ बजे वसीम भी मैरिज लॉन में पहुंचे। पत्नी फराह के साथ मंच पर चढ़कर उन्होंने थिरकना शुरू कर दिया। करीब 3 से 4 मिनट तक वसीम और उनकी पत्नी ने एक साथ डांस किया। इसके बाद वसीम अचानक स्टेज पर गिर पड़े। गिरते ही वो बेहोश हो गए। आसपास मौजूद लोगों और होटल स्टाफ ने तुरंत उन्हें उठाया और नजदीकी अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दौरान का पूरा वाकया होटल के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया।पति की अचानक मौत पत्नी फराह बदहवास हैं। बार-बार बेहोश हो जा रही हैं। होश आने पर वसीम को याद करती हैं। रोने लगती हैं। लोग उन्हें संभाल रहे हैं। गुरुवार सुबह वसीम को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। वसीम अपने पीछे दो बेटे छोड़ गए हैं। सालगिरह का केक भी नहीं काट पाए वसीम जश्न में मौजूद लोग भी ये नजारा देखने के बाद हैरान हैं, शादी की सालगिरह का जो जश्न केक काट के मनाया जाना था, वसीम वो केक भी नहीं काट पाए। बाते हैं कि जैसे ही वसीम मैरिज लॉन में पहुंचे तो पत्नी के साथ मंच पर थिरकने लगे और ये हादसा हो गया। भाई नदीम ने बताया- वसीम एनिवर्सरी को लेकर बहुत खुश थे। काफी दिन पहले से पार्टी की तैयारी कर रहे थे। एनिवर्सरी को वो यादगार बनाना चाहते थे। रिश्तेदारों के साथ कॉलेज टाइम के दोस्तों को भी बुलाया था।

## लुटेरे से चकेरी पुलिस की मुठभेड़

**कानपुर।** चकेरी थाने की पुलिस ने गुरुवार रात को मुठभेड़ में शातिर लुटेरे अमन कटियार उर्फ अमन सिंह के पैर में गोली मारकर दबोच लिया। अमन शातिर लुटेरा और अपराधी है। फरार चल रहे अमन की तलाश में पुलिस लगी हुई थी, अमन की लोकेशन मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की तो सीधे फायर झोंक दिया। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी करके अमन के पैर में गोली मारकर उसे दबोच लिया। जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस को मौके से बाइक, पिस्टल और कारतूस बरामद हुआ है।मुठभेड़ में पकड़ा गया शातिर गैंग बनाकर करता था लूटपाट डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि मंगला विहार निवासी अमन सिंह उर्फ अमन कटियार शातिर अपराधी है। लूट के मामले में शातिर अमन फरार चल रहा था। जिसकी तलाश में पुलिस और सर्विलांस की टीम लगी हुई थी। गुरुवार रात को टीम ने सूचना के आधार पर सनिगवां के अलखनंदा रोड पर रेलवे अंडरपास के पास घेरेबंदी कर बाइक सवार अमन कटियार और उसके साथी को घेर लिया। खुद को घिरते देख अमन ने सीधे पुलिस पार्टी पर फायर झोंक दिया।

# संतो का साहित्य ज्ञान की कविता है:प्रोफेसर अनिल राय

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** भक्ति कविता मनुष्य की आकांक्षा की कविता है। यह आकांक्षा विभिन्न सामाजिक बंधनों और कुरीतियों से मुक्ति की है। पूरे देश में भक्ति आंदोलन लगभग एक साथ उत्पन्न हुआ। मतलब यह कि पूरा देश मुक्ति की तलाश कर रहा था। कविता वही सार्थक होती है जो सबके लिए हो। उक्त बातें दिल्ली विश्वविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य और अंतरराष्ट्रीय संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर अनिल राय ने बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में उद्बोधन देते हुए कही।



उन्होंने कहा कि सिद्धों और नाथों ने सामाजिक कुरीतियों का खूब विरोध किया। यह विरोध छनकर और मुखरित होकर भक्ति साहित्य में आया है। बौद्ध और जैन साहित्य ने हिंदू धर्म की कुरीतियों के कारण इस पर जो कुठाराघात किया था शंकराचार्य ने उन कमियों को समझते हुए अपने प्रस्थान त्रई के माध्यम से इससे मुक्त करने का प्रयास करते हुए इसका पुनरुत्थान किया। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए प्रो राय ने कहा कि संतो का साहित्य ज्ञान की कविता है। यह कविता प्रेम से भी लबालब भरी हुई है। यह सामाजिक समरसता के भाव की भी कविता है। तुलसीदास कहते हैं कि मनुष्य को ऐसा होना चाहिए कि उसके जाने के बाद लोग उसके लिए रोएं न कि उसकी उपस्थिति रोने का कारण बने। अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो विनोद मोहन मिश्र ने कहा कि भक्ति काव्य ने पूरे समाज को बहुत ज्यादा प्रभावित किया है। लोग बात बात पर भक्त कवियों की कविताओं का उद्धरण देते रहते हैं। स्वागत भाषण देते हुए प्रो गौरव तिवारी ने कहा कि हिंदी विभाग देश के विभिन्न क्षेत्रों से साहित्य के विद्वानों के ज्ञान से अपने विद्यार्थियों को समृद्ध करने के लिए इस तरह की गोष्ठियों के आयोजन में वर्ष पर्यंत लगा रहता है। उसी श्रृंखला में यह संगोष्ठी हो रही है। आभार ज्ञापित करते हुए प्रो राजेश कुमार सिंह ने कहा कि तुलसी से बड़ा ज्ञानी और भक्त कोई नहीं हुआ। वह पूरे समाज को एक साथ लेकर चलने की बात करते हैं। सभी भक्त कवि अपने विचारों के कारण प्रासंगिक हैं। संगोष्ठी का संचालन करते हुए कार्यक्रम संयोजक डॉ आशुतोष तिवारी ने गुरु की महत्ता बताई और उसे भक्तिकाल और आज के संदर्भ से जोड़ा। संगोष्ठी में पूर्व प्राचार्य प्रो अमृतांशु शुक्ल, प्रो रामभूषण मिश्र, डॉ राघवेंद्र मिश्र, प्रो इंद्रासन प्रसाद, प्रो बीरेंद्र कुमार, प्रो महबूब आलम, प्रो कौस्तुभ नारायण मिश्र, प्रो इंद्रजीत मिश्र, प्रो ज्ञान प्रकाश मंगलम, डॉ अंबिका प्रसाद तिवारी, डॉ निगम मौर्य, डॉ कृष्ण कुमार जायसवाल, डॉ दीपक, डॉ रामनवल प्रसाद, डॉ त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, डॉ अभिषेक शुक्ल, डॉ बीरज पाण्डेय, डॉ अनुज कुमार, डॉ पारस नाथ, डॉ शंभू दयाल कुशवाहा, डॉ सुबोध गौतम, डॉ पंकज दुबे, डॉ यज्ञेश नाथ त्रिपाठी, डॉ वीरेंद्र साहू, डॉ रितेश सिंह, डॉ संदीप पाण्डेय, डॉ मनीष जायसवाल, डॉ पुष्पेंद्र, डॉ हिमांशु मिश्र, डॉ शशिकांत पांडेय, डॉ चंद्र प्रकाश सिंह, डॉ अवनीश तिवारी सहित महाविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### रोडवेज बस का हरी झंडी दिखाकर विधायक पीएन पाठक ने किया रवाना किया



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के अहिरौली राजा में एक कार्यक्रम आयोजित कर पडरौना से बाड़ी पुल अहिरौली राजा गोबरही हेतिमपुर से गोरखपुर तक रोडवेज बस का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक पीएन पाठक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और बस पर सवार होकर यात्रा भी किया बता दें उक्त मार्ग पर रोडवेज बस संचालन के लिए ग्राम प्रधान डिम्पल पांडेय के नेतृत्व में क्षेत्रीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों को लिखित रूप से अवगत कराया था कि इस मार्ग पर रोडवेज बस संचालन आवश्यक है जिसको संज्ञान में लेते हुए विधायक पीएन पाठक ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से अभिलंब उक्त मार्ग पर रोडवेज बस संचालन बहाल करना आवश्यक है जिसको लेकर अहिरौली राजा चौराहे पर रोडवेज बस संचालन के लिए बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक पीएन पाठक ने कहा कि क्षेत्र के बिकास के लिए हम कटिबद्ध है पूरे कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की जाल बिछाया जा रहा और स्वास्थ्य शिक्षा और सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मण्डल अध्यक्ष बिनोद कुमार गुप्ता व संचालन धीरज राव और आयोजन समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान डिम्पल पांडेय ने सभी अतिथियों को आभार प्रकट किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव अमरजीत यादव, मण्डल अध्यक्ष राजेश राव, आद्या पांडेय, अनिल प्रताप राव, विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह, संतोष सिंह, खालिद अहमद, कौशल जयसवाल, शिवम मद्धेशिया, राजेश कुमार शुक्ला मौजूद रहे।

### बुद्ध विद्या बिहार में वार्षिक परीक्षा के सफल छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत वार्ड नंबर 12 अब्दुल हमीद नगर के रामकोला रोड स्थित बुद्ध विद्या विहार परिसर में वार्षिक परीक्षा में सफल छात्र - छात्राओं को भाजपा नेता व समाजसेवी ओम प्रकाश जायसवाल और प्रधानाचार्य/ पत्रकार वीरेंद्र कुमार सिंह ने अंकपत्र, ट्रॉफी, मेडल तथा बैग देकर सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता व समाजसेवी ओम प्रकाश जायसवाल ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि नैतिक और अनुशासित शिक्षा से मेधा शक्ति का विकास होता है और बच्चों की प्रतिभा निखरती है और मनोभावना बलवती होती है। परीक्षाओं में अव्वल आए नौनिहाल ही देश के भविष्य हैं। बच्चों को उचित शिक्षा और मार्ग दर्शन के प्रति शिक्षक और अभिभावक जागरूक हों तो एक सुंदर परिवेश विकसित होगा। अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य/ पत्रकार वीरेंद्र कुमार सिंह कि परीक्षा से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा निखरती है और अच्छे परिणाम आते हैं। वार्षिक परीक्षा में विद्यालय के टॉपर कुनाल गुप्ता प्रथम, निकेश गुप्ता द्वितीय तथा अंश यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है।कार्यक्रम का संचालन विशाल एवं नितेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर शिक्षिका श्रीमती आराधना देवी, रिंकी गुप्ता, नेहा यादव, जिला एवं सत्र न्यायालय के अधिवक्ता गौरव सिंह तथा अनिल पांडेय सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

### नाबालिग छात्रा के अपहरण के गुनाहगार को तीन साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ नौ हजार का जुमार्ना

**संवाददाता**



एडीजीसी-- अवध नरेश चन्देल

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के मझगवां के टोलारावत की रहने वाली 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा को गांव में ही रहने वाला महोबा के पनवाड़ी निवासी विजय पुत्र टुट्टी राजपूत बहलाफुसलाकर भगा ले गया था, साथ ही छात्रा को मारपीट कर जातिसूचक लफ़्जों से बेइज्जत करने के बाद उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी, जबकि इस मामले की लिखित तहरीर 5 फरवरी 2017 को मझगवां थाने में देते हुये छात्रा की माँ सुमित्रा पत्नी टूका अहिरवार ने अभियुक्त के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की थी, जिसके बाद मझगवां पुलिस ने मु0अ0सं0-72/2017 धारा 363,366,504,506,323 आईपीसी सहित 6 पॉक्सो एक्ट के साथ ही 3(2)5 एससीएसटी एक्ट के तहत अभियुक्त विजय पुत्र टुट्टी राजपूत निवासी पनवाड़ी महोबा के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत हमीरपुर की पास्को अदालत की स्कालर जज कीर्ति माला सिंह ने अभियुक्त को गुनाहगार मानते हुये तीन साल की सख्त सजा के साथ ही नौ हजार रुपये का सुनाया जुमार्ना, वही मामले की विवेचना तत्कालीन सीओ विवेकानंद तिवारी ने पूरी कर अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी, जबकि अभियोजन की तरफ से एडीजीसी अवध नरेश चन्देल की दमदार दलीलों के चलते बचाव पक्ष की सारी दलीलें नाकाम साबित हुईं।

## संपादकीय

# हार्ट अटैक के दरवाजे पर देश का हर चौथा युवा

जैसे-जैसे भारत प्रगति की ओर अग्रसर होता जा रहा है, युवा पीढ़ी खुद को अभूतपूर्व तनाव के चक्रव्यूह में फंसा हुआ पाती है। शैक्षणिक और व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा, बढ़ती अपेक्षाओं के बोझ के साथ मिलकर तनाव को सर्वव्यापी भूत बना दिया है। पुराना तनाव, जो अक्सर किसी का ध्यान नहीं जाता, हृदय प्रणाली को काफी नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे बाहरी रूप से स्वस्थ व्यक्तियों में भी दिल के दौरे का खतरा बढ़ जाता है।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

अव्यवर्स्थित जीवनशैली, तनाव, प्रदूषण आदि कारणों के चलते आज देश का हर चौथा युवा हृदयाघात की दहलीज पर खड़ा है। इनमें आधे से ज्यादा युवा तो अपने रोग के बारे में जानते तक नहीं। बाकी जानकर भी अंजान हो जाते हैं। यही वजह है कि मात्र 10 फीसदी युवा रोगी उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। यह जानकारी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान (आईसीएमआर) की हाल ही में आई एक रिपोर्ट में दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश के प्रत्येक चार में से एक युवा को उच्च रक्तचाप की शिकायत है। यदि ज्यादा दिन तक इसका उपचार नहीं कराया जाए तो हृदय पर बुरा असर पड़ता है। क्षमता से करीब तीन गुना दबाव होने के कारण हृदय की पंपिंग प्रभावित हो जाती है और मरीज हृदयाघात की चपेट में आ जाता है। इसी रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार भी देश के 100 जिलों में उच्च रक्तचाप के रोगियों के लिए निशुल्क जांच आदि राष्ट्रीय कार्यक्रम भी शुरू कर चुकी है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में आए दिन ऐसे मामले पहुंच रहे हैं। हृदयाघात के कम उम्र में काफी मामले देखने को मिल रहे हैं। इन मरीजों को बचा पाने में डॉक्टरों के आगे सबसे बड़ी चुनौती गोल्डन ऑवर है। विदेशों में हृदयाघात के करीब 2 घंटे के भीतर उपचार मिल जाता है, जबकि भारत में ये करीब 6 घंटे के बाद होता है। यही वजह है, देश में सालाना 30 लाख हृदयाघात के मामलों में से कुछ ही फीसदी को डॉक्टर बचा पाते हैं।

अध्ययन के अनुसार, 1990 से 2016 के बीच भारत में हृदयाघात से होने वाली मौत में कई गुना वृद्धि हुई है। इनमें 50 फीसदी से ज्यादा की मौत समय से पहले हुई है। करीब 22.9 फीसदी ग्रामीण और 32.5 फीसदी शहरी क्षेत्रों में मौत हो रही हैं। 1990 में करीब ढाई करोड़ लोग हृदय रोग ग्रस्त थे, जिनकी संख्या अब छह करोड़ से भी ज्यादा है। एम्स के अनुसार, करीब 25 फीसदी सालाना मौत 25 से 65 वर्ष की आयु के बीच हो रही हैं। उच्च रक्तचाप के अलावा मधुमेह, अनियंत्रित जीवनशैली, नशा आदि हृदय को बीमार कर रहा है, लेकिन ऐसे मरीज बीच में ही दवाएं छोड़ देते हैं। एम्स में हर दिन ऐसे कई मरीज आते हैं, जो पूरा उपचार नहीं लेते हैं, जबकि इन मरीजों में हृदयाघात या हृदय रोग दोहरी गति से हावी होता है।

# वक्फ संशोधन बिल से आएगी पारदर्शिता, गरीब मुसलमानों तक वक्फ जायदादों का फायदा पहुंचेगा : जाकिर हुसैन

## हरियाणा वक्फ बोर्ड पहले से ही नियमों से पारदर्शिता से कार्य कर रहा है : जाकिर हुसैन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने अंबाला छावनी स्थित हरियाणा वक्फ़ बोर्ड मुख्यालय पर मोदी सरकार द्वारा लाए गए वक्फ़ संशोधन बिल को वक्फ़ बोर्ड के हित में बताया है। इस बिल से पारदर्शिता आएगी तथा गरीबों तक इसका फायदा पहुंचेगा तथा पूंजीपतियों के नाजायज़ क़ब्ज़े से वक़्फ़ जमीन को छुटकारा मिलेगा। हरियाणा वक्फ़ बोर्ड पहले से ही वक्फ़ संशोधन बिल के नियमों पर ही कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा यह बिल वक्फ़ बोर्ड के विकास, भलाई के लिए साबित होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा मुसलमानों को विकास की जीवनरेखा व उनकी भलाई के लिए वक्फ़ संशोधन बिल लाया गया है ।विपक्ष द्वारा फैलाया गया भ्रम कि केंद्र सरकार वक़्फ़ बोर्डों को ख़त्म करके वक़्फ़ ज़ायदादों को हड़पना चाहती है भी कोरा झूठ साबित हुआ है !

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जरूरतमंद मुसलमानों को वक्फ जायदादों से होने वाली आय से लाभ पहुँचाने के लिए लाया गया है वक्फ संशोधन बिल : जाकिर हुसैन**



जाकिर हुसैन ने कहा कि विपक्ष द्वारा वक्फ़ संशोधन बिल को मुसलमानों के खिलाफ बताने का झूठा भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि 2013 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने सैक्टर 23, गुरूग्राम स्थित पालम विहार में वक़्फ़ बोर्ड की ढाई एकड़ में बनी सैंकड़ों साल पुरानी ईदगाह को बुलडोज़र चला कर तोड़ दिया तथा मुसलमानों से छीनकर अंसल बिल्डर को देने का काम किया था जिसका ज़बरदस्त विरोध प्रदर्शन हुआ था और उनके नेतृत्व में कई बार प्रतिनिधिमंडल तत्कालीन कांग्रेस मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से उनके दिल्ली निवास पर मिला था जिसमें आफताब अहमद विधायक, स्व: चौ. जलेब खाँ पूर्व विधायक व मौहम्मद इलियास विधायक भी थे लेकिन वक़्फ़ बोर्ड एवं मुसलमानों की एक ना सुनी गई और सैंकड़ों करोड़ की ईदगाह भू-माफियाओं को दे दी गई ! ये एक ज्वलंत उदारहण है कांग्रेस द्वारा वक़्फ़ बोर्ड की इस्तेमालशुदा सैंकड़ों साल पुरानी ईदगाह पर बुल्डोज़र चला कर भू माफियाओं को देने का !

जाकिर हुसैन ने कहा कि ऐसे बहुत से उदाहरण हैं की विपक्षी भ्रम और झूठी बातें फैला कर मुसलमानों को गुमराह करते हैं और उनके विकास के लिए भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों में रोड़ा अटकाने का प्रयास करते हैं। हुसैन ने कहा कि भाजपा ने हमेशा सबका-साथ, सबका-विकास व सबका-विश्वास के नारे को चरितार्थ करते हुए सभी वर्ग के लोगों को ख्याल किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मुसलमानों के विकास व उनकी भलाई के लिए लगातार विकास योजनाएँ चलाई जा रही हैं। उन्होंने वक्फ़ संशोधन बिल को वक्फ़ बोर्ड के हित में बताते हुए कहा कि हरियाणा वक्फ़ बोर्ड तत्कालीन मुख्यमंत्री व देश के यशस्वी ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व व उनके मार्गदर्शन में लगातार विकास की तरफ अग्रसर हुआ और वर्तमान में यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में हरियाणा वक्फ़ बोर्ड पारदर्शिता से काम करके लगातार तरक्की कर रहा है।

# साइक्लोथान यात्रा की सभी तैयारियां पूरी, सोमवार को महेंद्रगढ जिले में करेगी प्रवेश

## एसडीएम ने बागोत पंहुचकर किया मार्ग का निरीक्षण



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** साइक्लोथॉन यात्रा सोमवार, सात अप्रैल को सुबह करीब 9 बजे दादरी जिले से महेंद्रगढ जिले में प्रवेश करेगी। जिसके लिए कनीना के एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने बागोत पंहुचकर यात्रा मार्ग का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि यात्रा का आगमन चिडिया बागोत की ओर से होगा। बागोत में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बागोत के खेल मैदान में रिफ्रेशमैंट होगा उसके बाद सेहलंग में ठहराव होगा। तदुपरांत बवाना मार्ग से महेंद्रगढ के लिए रवाना होगी। उन्होंने इस यात्रा के लिए अधिक से अधिक जन भागीदारी के लिए रणनीति बनाई गई। डॉ जितेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के तहत प्रदेश को नशा मुक्त बनाने तथा युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलो को अपनाने के लिए साइक्लोथान यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने बताया कि महेंर्द्रगढ जिले के हजारों युवाओं की ओर से पंजीकरण करवाया गया है। जिला प्रशासन जन भागीदारी के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाएगा। यात्रा रूट पर पड़ने वाले प्रत्येक गांव में साइकिलिस्ट का स्वागत किया जाएगा। तथा युवाओं को नशे से दूर रहने के तरीके बताकर उससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यात्रा के दौरान मोबाईल मंच साथ रहेगा जिसके माध्यम से पूरी यात्रा के दौरान आमजन को नशा मुक्ति का संदेश दिया जाएगा। उनके साथ बीडीपीओ नवदीप, ग्राम सचिव राजपाल सिंह, ग्राम सरपंच राजेंद्र उपस्थित थे।

# कनीना से गाहडा तथा कनीना-महेंद्रगढ रोड से गुढा की सडक टूटी, हादसों से चालक परेशान

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**



**कनीना।** कनीना से गाहडा रोड बुरी तरह से खंडित होने के कारण सडक हादसों को बढावा मिल रहा है। इस मार्ग पर बीते समय छोटे-बडे दर्जनभर हादसे घटित हो चुके हैं। जिनमें दुपहिया वाहन चालक काल का ग्रास बन चुके हैं। जिस पर जिला प्रशासन व लोकनिर्माण विभाग की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोस जताया है। वाहन चालकों सुरेंद्र सिंह यादव, राजीव, ओमप्रकाश, जगदीश प्रसाद, भूपेंद्र सिंह, शौरभ सिंह, सजन सिंह ने बताया कि कनीना से गाहडा होते हुए 50 गावों के ग्रामीण आवागमन करते हैं। लेकिन सडक टूटी होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी के दौर से गुजरना पड रहा है। टूटी सडक को बचाने के चक्कर में इस मार्ग पर अनेकों हादसे घटित हो चुके हैं। जिनमें जान तक जा चुकी है। वाहन चालकों ने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों से सडक निर्माण की मांग की है। दूसरी ओर कनीना-महेंद्रगढ स्टेट हाइवे नम्बर 24 से गुढा गांव को लिंक करने वाली सडक पिछले समय से टूटी हुई है। 12 फुट चैडी इस सडक में जगह-जगह बडे-बडे गड्ढे होने के कारण सडक दुर्घटनाओं को बढावा मिल रहा है। रेवाडी-बीकानेर रेलवे लाईन पर कनीना में अटेली रोड पर आरओबी निर्माण के दौरान मार्ग बंद होने के कारण सिहमा, दोंगडा, नारनौल तक के वाहन गुढा गांव के रास्ते से गुजर रहे हैं। सडक पर वाहनों की संख्या बढने के कारण उसके चैडीकरण व नवीनीकरण की अहम आवश्यक्ता है। वाहन चालकों तथा ग्रामीणों ने तत्काल सडक निर्माण की मांग की है।

# कनीना-नारनौल मार्ग पर कार व बाइक में हुई आमने-सामने की टक्कर

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-नारनौल सडक मार्ग पर सुंदरह के समीप घटित एक सडक हादसे में बाइक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। इस बारे में सुंदरह निवासी नितिन ने दोंगडा बहीर पुलिस चैकी में दी शिकायत में बताया कि 2 अप्रैल को सांय करीब 4 बजे उसका पिता धर्मेंद्र कुमार बाइक पर सवार होकर नारनौल से घर आ रहा था कि सुदंरह में फिलिंग स्टेशन के समीप पंहुचा तो सामने से तेज गति से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। जिससे धर्मेंद्र कुमार बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल व्यक्ति को गांव के ही हुनेश व कर्ण सिंह ने उपचार के लिए नारनौल के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें हायर सैंटर के लिए रैफर कर दिया। नागरिक अस्पताल नारनौल लेकर गए तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस चैकी इंचार्ज प्रीतम सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर शव का पंचनामा करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है वहीं हादसे के आरोपी कार चालक के विरूध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# कनीना मंडी में शुक्रवार को हुई 5002 क्विंटल सरसों की खरीद

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना मंडी में शुक्रवार को 5002 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। मार्केट कमेटी सचिव विजय सिंह ने बताया कि 5950 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से सरसों खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाउस द्वारा की जा रही है। खरीद कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए उनकी ओर से लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कनीना मंडी में 25 मार्च सु खरीद शुरू हुई थी, शुक्रवार तक 43330 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी है जिसमें से 25 हजार क्विंटल सरसों का उठान किया जा चुका है। जिसे कनीना में ही गुप्ता गोदाम कनीना में रखा जा रहा है। सरसों की खरीद नैफेड के लिए एनसीसीएफ, नैशनल को-ऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन के माध्यम से की जा रही है।

किसानों की सुविधा के लिए मार्केट कमेटी की ओर से मंडी गेट पर दो धर्मकांटे संचालित किए गए हैं, जिनका निरीक्षण मापतौल विभाग द्वारा करने के बाद प्रमाण पत्र जारी किया गया है। इसके अलावा मंडी में साफ-सफाई, बिजली-पेयजल, टॉयलेट की व्यवस्था की गई है। सरसों खरीद होने के 72 घंटे के अंतराल में एजेंसी द्वारा किसानों के खाते में राशि डाली जा रही है। दूसरी ओर सरसों के मार्केट रेट भी लगभग एमएसपी से कुछ अधिक होने के चलते अधिकांश किसान खेत में ही व्यापारियों को सरसों बेच रहे हैं। खेतों में सरसों खरीदने के लिए वाहन खडे देखे जा सकते हैं। जिससे किसानों का मंडी में सरसों लाने व मजदूरी का खर्चा सहित समय बच जाता है।

**गेहूं की आवक भी हुई शुरू:** ईधर पुरानी मंडी में गेहूं की आवक शुरू हो गई है। शुक्रवार को 6 किसानों द्वारा 225 क्विंटल गेहूं मंडी में लाया गया। जिसमें नमी की मात्रा 12 फीसदी से अधिक होने के कारण खरीद नहीं की जा सकी। मार्केट कमेटी के सचिव सचिव विजय सिंह ने बताया कि गेहूं की खरीद पुरानी आनाज मंडी में की जाएगी। जिसके लिए सभी बंदोबस्त किए गए हैं।

पोर्टल पर पंजीकृत किसान द्वारा मंडी में फसल लेकर आने पर उन्हें कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। किसान एक एकड पर 2425 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से 50 क्विंटल गेहूं बेच सकता है।

# उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने किया उपमंडल सचिवालय फिरोजपुर-झिरका का निरीक्षण



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बुधवार को उपमंडल सचिवालय फिरोजपुर-झिरका स्थित एसडीएम, तहसील, अंत्योदय सरल केंद्र, महिला एवं बाल विकास विभाग, उप-कोषाधिकारी सहित अन्य कार्यालयों का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालयों के रिकॉर्ड का बारीकी से निरीक्षण किया, जिसमें कोर्ट केस, इंतकाल, गांव की सर्विस बुक व अन्य रिकॉर्ड के रखरखाव व कार्यालयों की साफ-सफाई आदि शामिल हैं। उपायुक्त ने इस अवसर पर समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं भी सुनी और संबंधित अधिकारियों को उचित व त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में बताया कि अब तक जो अलग अलग गांवों के पटवारी सचिवालय से कहीं बाहर बैठते थे, उन्हें उपमंडल सचिवालय में एक छत के नीचे ही बैठाया जाएगा ताकि आमजन को सभी सुविधाएं एक स्थान पर ही उपलब्ध हो सकें। इसी प्रकार परिवार पहचान-पत्र व आधार अपडेशन के लिए द्वितीय मंजिल पर जो कंप्यूटर आपरेटर बैठे थे, उन्हें भूमि तल पर स्थित अंत्योदय सरल केंद्र में बैठाया जाएगा, ताकि आमजन को उन्हें ढूंढने में परेशानी न हो। उपायुक्त ने कहा कि निरीक्षण के दौरान रेवेन्यू विभाग की इंतकाल दर्ज करने संबंधी व अन्य जो भी मामले अभी तक लंबित हैं, उन सभी का निपटान आगामी 15 अप्रैल तक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों का अगर जल्द समाधान नहीं किया गया तो संबंधित कर्मचारियों, अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कामकाज में तत्परता लाएं और लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। कोई भी कार्य अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। इस मौके पर एसडीएम लक्ष्मी नारायण व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जाड़ौली गांव में गेहूं की एक एकड़ कटी हुई फसल जलकर राख

**दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने काफी देर बाद पाया आग पर काबू**

**किसान की सालभर की मेहनत पर आग ने फेरा पानी**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शुक्रवार को पुनहाना विधान सभा के जाड़ौली गांव में एक गेहूं के खेत में आग लग गई, जिससे किसानों की एक एकड़ से अधिक फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग विकराल हो गई। दमकलकर्मियों और स्थानीय लोगों ने मिलकर आग पर काबू पाया। आग की चिंगारी से किसानों के खेतों में कटी हुई गेहूं की फसल पलभर में जलकर राख हो गई। भयंकर आग को देखकर ग्रामीणों में खलबली मच गई और आग पर काबू पाने के लिए लोग खेतों की ओर दौड़ पड़े। किसानों ने पानी की व्यवस्था कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। इसके बाद दमकल कर्मियों ने आग को बुझाने का प्रयास किया। किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। इससे आसपास की सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल को बचाया जा सका। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

खेतों की ओर से धुआं को उठता देखकर ग्रामीण शोरगुल करते हुए खेतों पर पहुंच गए। जाकर देखा तो गेहूं की फसल तेज लपटों के बीच जल रहा था। ग्रामीणों ने पंपिंग सेट चलाकर आग को बुझाना शुरु कर दिया। विकराल रूप से लगी आग किसी तरह से भी नियंत्रण में नहीं आ रही थी। इसी सूचना पर फायर बिग्रेड की गाड़ी भी पहुंच गई। पानी के तेज प्रेसर से आग को बुझाना शुरु करा दिया। काफी देर बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक किसान की एक एकड़ गेहूं की फसल राख हो गई।


## ध्यानार्थः

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।



'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**समाचार गेट**
को TITLE CODE : HARHIN11569
**आवश्यकता है**
- हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
- उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
- ग्रामीण संवाददाता ◆ फोटोग्राफर
- विज्ञापन प्रतिनिधि

इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

# संक्षिप्त समाचार

## आव्रजन विभाग ने छापा मारकर 37 लोगों को पकड़ा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के संघीय आव्रजन विभाग ने एक छत बनाने वाली कंपनी के ठिकाने पर छापा मारकर 37 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह छापेमारी की कार्रवाई उत्तरी वॉशिंगटन में की गई। छापेमारी में आव्रजन विभाग के साथ ही होमलैंड सिक्योरिटी, कस्टम, और बॉर्डर पेट्रोल के जवान शामिल रहे, जिन्होंने माउंट बेकर रूफिंग कंपनी के गोदाम में सुबह साढ़े सात बजे छापा मारा। यह इलाका कनाडा सीमा के नजदीक है। हिरासत में लिए गए लोगों को दो बसों में ले जाया गया। आव्रजन विभाग को सूचना मिली थी कि यहां अवैध अप्रवासी ठहरे हुए हैं। आव्रजन विभाग का कहना है कि ट्रंप प्रशासन के शुरुआती 50 दिनों में 32,809 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## यमन में हवाई हमले में छह की मौत, हूतियों ने अमेरिका पर लगाया आरोप

**सना, एजेंसी।** बुधवार को एक हवाई हमले में यमन में छह लोगों की मौत हो गई। यह हवाई हमला यमन में हूतियों के नियंत्रण वाले इलाकों में किया गया। हूतियों ने इस हमले का आरोप अमेरिका पर लगाया है। राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमले कर रहा है। ये हमले हूतियों द्वारा मध्य पूर्व के समुद्री इलाकों में व्यापारिक जहाजों पर हमले के बदले किए जा रहे हैं। अमेरिका की इस कार्रवाई को ईरान पर दबाव बनाने के तौर पर देखा जा रहा है। मंगलवार को भी अमेरिका ने यमन में 200 से ज्यादा हमले किए। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा है कि इन हमलों से ईरान काफी कमजोर हुआ है। हालांकि अभी तक हूतियों ने इन हमलों में उनके किसी बड़े नेता की मौत की पुष्टि नहीं की है।

## स्पाइसजेट, एअर इंडिया एक्सप्रेस नेपाल से उड़ानें शुरू करेंगे

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाली उड्डयन प्राधिकरण ने पाइसजेट और एअर इंडिया एक्सप्रेस को काठमांडो के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीआईए) से उड़ानें संचालित करने की मंजूरी दी है। प्रवक्ता हंस राज पांडे के मुताबिक, कोविड-19 महामारी से पहले स्पाइसजेट नेपाल के लिए नियमित उड़ानें संचालित करती थी। अब यह दोबारा उड़ानें संचालित करेगी।

## भारतीय समुद्री दिग्गज विजय रीकैप आईएससी के ईडी बने

**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय समुद्री दिग्गज विजय डी. चाफेकर को सिंगापुर में समुद्री और सशस्त्र डकैती से निपटने के लिए क्षेत्रीय सहयोग समझौते (रीकैप) सूचना साझाकरण केंद्र का नया कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किया गया है।

## गाजा में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित कर रहा इस्राइल, बढ़ते तनाव के बीच नेतन्याहू की घोषणा

**गाजा, एजेंसी।** इस्राइल और हमास के जारी संघर्ष के बीच इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस्राइल गाजा क्षेत्र में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित कर रहा है। बुधवार को एक बयान में कहा कि इस सुरक्षा गलियारे को मोराग कॉरिडोर नाम दिया गया है, जो राफा और खान यूनिस के बीच स्थित एक यहूदी बस्ती के नाम पर रखा गया है। नेतन्याहू ने बताया कि यह गलियारा इस्राइल के दो दक्षिणी शहरों के बीच चलेगा। बता दें कि इस नए सुरक्षा गलियारे का उद्देश्य गाजा में इस्राइल की सुरक्षा बढ़ाना और क्षेत्र में शांति बनाए रखना है। साथ ही नेतन्याहू ने कहा कि यह कदम इस्राइल की सुरक्षा के लिए जरूरी है और गाजा में हमलावरों से निपटने के लिए यह एक महत्वपूर्ण रणनीति होगी। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू बुधवार को हंगरी पहुंचे। हालांकि, गाजा पट्टी में युद्ध को लेकर इस्राइली नेता के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। नेतन्याहू की बुडापेस्ट की चार दिवसीय यात्रा, प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों तथा हंगरी के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के प्रति ओर्बन के बढ़ते अविश्वास का संकेत है। बता दें कि हंगरी भी आईसीसी का सदस्य है, लेकिन नेतन्याहू के करीबी ओर्बन ने आईसीसी के वारंट की अनदेखी कर दी है। ओबोर्न ने नीदरलैंड के हेग में स्थित दुनिया की शीर्ष अदालत पर राजनीतिक उद्देश्यों के लिए चल रहे संघर्ष में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है।

## मेटा ने नहीं माना तुर्किये सरकार का फरमान, कंटेंट प्रतिबंधित करने से इनकार पर लगाया गया तगड़ा जुर्माना

**कैलिफोर्निया, एजेंसी।** फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा पर तुर्किये सरकार ने जुर्माना लगाया है। मेटा का कहना है कि उस पर यह जुर्माना तुर्किये सरकार के कुछ कंटेंट को ब्लॉक करने का फरमान न मानने पर लगाया गया है। हालांकि मेटा ने यह नहीं बताया कि जुर्माना कितने का है, लेकिन इसे काफी अधिक बताया। मेटा का कहना है कि उसने रेसप तैयप एर्दोआन सरकार के फेसबुक और इंस्टाग्राम से कुछ पोस्ट हटाने की बात इसलिए नहीं मानी, क्योंकि उसे लगा कि ये पोस्ट जनता के लिए अहम हैं। मेटा ने कहा, हमने तुर्किये सरकार के उन अनुरोधों को खारिज कर दिया, जिनमें साफ तौर पर सार्वजनिक हित में कंटेंट को प्रतिबंधित करने के लिए कहा गया था। मेटा ने आगे कहा कि तुर्किये सरकार की कंटेंट हटाने की मांग और सोशल मीडिया को बंद करने की धमकियां लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर नकारात्मक असर डालती हैं। बताते चलें कि इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोग्लू की गिरफ्तारी पर व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से ही राष्ट्रपति एर्दोआन की सरकार सोशल मीडिया पर विपक्षी आवाजों को दबाने की पुरजोर कोशिश कर रही हैं।

# जवाबी टैरिफ का दुनियाभर में विरोध, इटली ने बताया गलत तो ब्राजील जाएगा डब्ल्यूटीओ



**रोम/लंदन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जवाबी टैक्स लगाने की घोषणा कर दी है। ट्रंप ने तमाम देशों पर अलग-अलग दरों पर टैरिफ लगाया है। इसे लेकर पूरी दुनिया ने प्रतिक्रिया दी है। कुछ देशों टैरिफ का समर्थन किया है। जबकि कुछ देशों ने टैरिफ को गलत बताया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अपने व्यापारिक साझेदारों के साथ वही करेगा, जो वे दशकों से अमेरिका के साथ करते आ रहे हैं। करदाताओं को 50 से अधिक साल से लूटा जा रहा है। लेकिन अब ऐसा नहीं होने वाला है। ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति ने वादा किया कि नौकरियां और कारखाने हमारे देश में वापस आएंगे। उन्होंने इसे केवल एक आर्थिक मुद्दे के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा बताया।

**ब्रिटेन ने कहा- कोई व्यापार युद्ध नहीं चाहता :** ट्रंप के जवाबी टैरिफ का ब्रिटेन ने समर्थन किया। ब्रिटिश सरकार ने कहा कि अमेरिका ब्रिटेन का सबसे करीबी सहयोगी है। व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स ने कहा कि ब्रिटेन को उम्मीद है कि वह ट्रंप द्वारा घोषित ब्रिटिश वस्तुओं पर 10 फीसदी टैरिफ के प्रभाव को कम करने के लिए एक व्यापार सौदा करेगा। कोई भी व्यापार युद्ध नहीं चाहता है और हमारा इरादा समझौता करने का है। सरकार ब्रिटेन के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

**इटली ने टैरिफ को बताया गलत :** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने यूरोपीय संघ पर लगाए गए 20 फीसदी टैरिफ को गलत बताया। मेलोनी ने फेसबुक पोस्ट में कहा कि हम अमेरिका के साथ एक समझौते की दिशा में काम करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इसका उद्देश्य एक व्यापार युद्ध से बचना है जो अनिवार्य रूप से अन्य वैश्विक खिलाड़ियों के पक्ष में पश्चिम को कमजोर करेगा।

**डब्ल्यूटीओ में उठाएंगे मुद्दा-ब्राजील :** ब्राजील सरकार ने टैरिफ के मुद्दे को डब्ल्यूटीओ में लेकर जाने की बात कही है। ब्राजील ने कहा कि हम मामले को विश्व व्यापार संगठन में ले जाने के बारे में सोच रहे हैं। ब्राजील की कांग्रेस ने सर्वसम्मति से एक पारस्परिकता विधेयक पारित किया। ताकि वह ब्राजील के सामानों पर टैरिफ लगाने वाले किसी भी देश या व्यापार समूह के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर सके।

**ऑस्ट्रेलिया ने किया विरोध :** ऑस्ट्रेलियाई प्रधान मंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ पूरी तरह से अनुचित है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने पारस्परिक टैरिफ का उल्लेख किया। अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक मुक्त व्यापार समझौता है। यह एक दोस्त का काम नहीं है।ऑस्ट्रेलियाई सरकार के प्रतिनिधि नॉरफॉक द्वीप के प्रशासक जॉर्ज प्लांट ने कहा कि नॉरफॉक द्वीप के छोटे से दक्षिण प्रशांत चौकी पर लगाया गया 29त्न टैरिफ एक झटके के रूप में आया। हम संयुक्त राज्य अमेरिका को कुछ भी निर्यात नहीं करते हैं। हम किसी भी चीज पर टैरिफ नहीं लगाते हैं।

**वैश्विक अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका-यूरोपीय संघ :** डोनाल्ड ट्रंप की ओर से यूरोपीय संघ पर लगाए गए 20 फीसदी टैरिफ की यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा झटका है और इसके परिणाम लाखों लोगों के लिए भयंकर होंगे।किराने का सामान, परिवहन और दवाइयां महंगी हो जाएंगी। इससे कमजोर नागरिकों को नुकसान होगा। वॉन डेर लेयेन ने कहा कि विश्व व्यापार प्रणाली में कमियां हैं। यूरोपीय संघ अमेरिका के साथ बातचीत और जवाबी कार्रवाई के लिए भी तैयार है।

**चीन ने की जवाबी कार्रवाई की तैयारी :** चीन ने कहा कि वह अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करेगा। वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन अमेरिका के पारस्परिक टैरिफ का विरोध करता है और अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई करेगा। वाशिंगटन स्थित चीनी दूतावास के प्रवक्ता लियू पेंगयु ने कहा कि अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने पर चीन का विरोध हमेशा से सुसंगत और स्पष्ट रहा है। चीन का मानना है कि संरक्षणवाद कहीं नहीं ले जाता है। व्यापार और टैरिफ युद्धों में कोई विजेता नहीं होता है।

**यूरोप को जवाब देने की जरूरत :** इटली के इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल पॉलिटिकल स्टडीज के वरिष्ठ विश्लेषक मैटेओ विला ने कहा कि एक बार फिर ट्रंप ने यूरोप को चौराहे पर खड़ा कर दिया है। अगर ट्रंप वाकई उच्च टैरिफ लगाते हैं, तो यूरोप को जवाब देना होगा, लेकिन यूरोपीय संघ के लिए कुछ भी न करना बेहतर होगा। विला ने कहा कि जवाबी कार्रवाई निश्चित रूप से अमेरिका के लिए एक और झटका होगी, लेकिन इससे यूरोप को और भी अधिक नुकसान होगा, क्योंकि यूरोपीय संघ का समूह अमेरिका के बजाय अमेरिका को निर्यात पर अधिक निर्भर करता है। विला ने कहा कि ट्रंप केवल बल की भाषा समझते हैं और यहां एक मजबूत और तत्काल प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। उम्मीद यह है कि प्रतिक्रिया इतनी मजबूत होगी कि ट्रंप बातचीत करने के लिए प्रेरित होंगे और जल्द ही पीछे हट जाएंगे।

## दूषित स्ट्रीट फूड खाने से 100 से अधिक बीमार, जांच में जुटी पुलिस



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में ईद के अवसर पर आयोजित एक मेले में दूषित स्ट्रीट फूड खाने से बच्चों सहित 100 से अधिक लोग गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। इस घटना के बाद देश में खाद्य सुरक्षा मानकों में गिरावट को लेकर चिंता बढ़ गई है। 95 बीमार लोगों को जेसोर के अभयनगर उप जिला में भर्ती कराया गया। वहीं, 10 को गंभीर हालत में खुलना मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घटना के बाद से स्ट्रीट फूड विक्रेता फरार है। एक मरीज ने प्रमुख दैनिक प्रोथोम आलो को बताया, रात को घर लौटने के बाद हम सभी बीमार हो गए। हमें मंगलवार सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया। ड्यूटी डॉक्टर रघुराम चंद्र ने कहा कि यह स्थिति भोजन में बैक्टीरिया के कारण हुई है। अधिकांश रोगियों को पेट दर्द, उल्टी, दस्त और बुखार का अनुभव हुआ। एक पीड़ित परिवार के सदस्य ने कहा, मेरा पूरा परिवार सोमवार रात ईद के मेले में गया था और उस दुकान से फुचका खाया। रात को घर आने के बाद सभी बीमार हो गए। मैंने फुचका नहीं खाया और बच गया। मैंने उसी रात सभी को अस्पताल में भर्ती कराया। बीमार पड़ने वालों में चार की हालत गंभीर थी, इसलिए मैंने उन्हें खुलना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की खबर लगने के बाद पुलिस फुचका विक्रेता की तलाश कर रही है। अभय नगर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी अब्दुल अलीम ने कहा, हमें घटना के बारे में पता चला है। हम व्यापारी की तलाश कर रहे हैं। इस घटना ने बांग्लादेश में खाद्य सुरक्षा मानकों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में, स्थानीय मीडिया ने बताया कि देश में घटिया उत्पादों की बढ़ती मांग बांग्लादेश में गंभीर चिंता का विषय बन गई है। मोहम्मद यूनुस की अनुपस्थिति के कारण अंतरिम सरकारी हस्तक्षेप ने अतिरिक्त लाभ के लिए घटिया उत्पाद बेचने की बढ़ती प्रथा को जन्म दिया है।

## जॉर्डन और मिस्र ने गाजा में स्थायी युद्धविराम के प्रयासों पर चर्चा की

**अम्मान, एजेंसी।** जॉर्डन के विदेश मंत्री अयमान सफादी और मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने गाजा में स्थायी युद्धविराम सुनिश्चित करने के प्रयासों पर चर्चा की। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, बुधवार को फोन पर हुई बातचीत के दौरान दोनों मंत्रियों ने गाजा में इजरायली सैन्य अभियानों और पश्चिमी तट में उसकी बढ़ती गतिविधियों को रोकने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों मंत्रियों ने तत्काल अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई का आह्वान किया, ताकि गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए सभी क्रॉसिंग खोलने, चल रहे मानवीय संकट का समाधान करने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कि संयुक्त राष्ट्र और मानवीय संगठन अपने कर्मचारियों की सुरक्षा करते हुए बिना किसी बाधा के काम कर सकें, इजरायल पर दबाव डाला जा सके। उन्होंने उत्तरी गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के चिकित्सा क्लिनिक को इजरायल द्वारा निशाना बनाए जाने की निंदा की तथा इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून, अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून तथा युद्ध के समय नागरिकों की सुरक्षा पर 1949 के जिनेवा कन्वेंशन का उल्लंघन बताया। उन्होंने इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इटमार बेन-ग्वीर द्वारा अल-अक्सा मस्जिद परिसर पर हमला करने जैसी चल रही इजरायली उकसावे की कार्रवाई की निंदा की।

# भारतवंशी सांसदों ने ट्रंप के टैरिफ लगाने के फैसले को बताया आत्मघाती, बोले- अमेरिकी अर्थव्यवस्था को खतरा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** भारतवंशी अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ लगाने के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने ट्रंप प्रशासन के इस फैसले को गैर जिम्मेदाराना और आत्मघाती करार दिया। भारतवंशी सांसदों ने अमेरिका और भारत दोनों देशों के नेताओं से अपील की कि वे बातचीत कर इस चुनौती से निपटें। बुधवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 26 प्रतिशत का पारस्परिक टैरिफ लगाने का एलान किया है। ट्रंप ने इसका एलान करते हुए कहा कि भारत हम पर 52 प्रतिशत टैरिफ लगाता है तो हम उस पर उसका आधा यानी 26 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे।

**वैश्विक स्तर पर अलग-थलग पड़ जाएगा अमेरिका :** भारतवंशी अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि टैरिफ लगाने से कामकाजी परिवारों पर टैक्स का बोझ पड़ेगा ताकि ट्रंप अमीरों पर लगने वाले टैक्स में कटौती कर सकें। उन्होंने कहा कि ये कथित मुक्ति दिवस के टैरिफ गैर-जिम्मेदाराना और आत्मघाती साबित होंगे। इससे इलिनोइस के लोगों पर आर्थिक दबाव बनेगा, जबकि वे पहले से ही आर्थिक मुश्किलों से घिरे हैं। कृष्णमूर्ति इलिनोइस राज्य से ही सांसद हैं। उन्होंने कहा कि टैरिफ लगाने के चलते अमेरिका वैश्विक स्तर पर अलग-थलग पड़ जाएगा। इससे अमेरिका के सहयोगी देशों पर विपरीत असर पड़ेगा और इसके विरोधियों को फायदा होगा। यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था को तबाह



करने की कोशिश भारतवंशी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा देश मंदी का शिकार हो जाए, उससे पहले अमेरिकी लोगों को ट्रंप से अपनी विनाशकारी टैरिफ नीतियों को खत्म करने की अपील करनी चाहिए। टैरिफ से अमेरिकी अर्थव्यवस्था या राष्ट्रीय सुरक्षा पर कोई सकारात्मक असर नहीं पड़ेगा। एक अन्य भारतवंशी सांसद रो खन्ना ने कहा कि ट्रंप रातों-रात बिना किसी रणनीति, बिना किसी परामर्श, बिना किसी संसदीय इनपुट के टैरिफ लगाकर हमारी अर्थव्यवस्था को तबाह करने की कोशिश कर रहे हैं। इसका क्या मतलब है? कीमतें बढ़ने वाली हैं। कारों की कीमतें बढ़ रही हैं। किराने के सामान की कीमतें बढ़ रही हैं। घर की मरम्मत और घर बनाने की कीमतें बढ़ रही हैं, और पूरी तरह से अनिश्चितता का माहौल है। अमेरिकी उपभोक्ताओं पर सालाना 2500-15000 डॉलर अतिरिक्त खर्च करने पड़ेंगे भारतीय-अमेरिकी सांसद डॉ. एमी बेरा ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि मैं साफ कर दूं कि ये टैरिफ अमेरिका को फिर से अमीर नहीं बनाएंगे। ये लागत आप पर डाली जाएगी- अमेरिकी उपभोक्ता पर। यह कर कटौती नहीं है। बल्कि यह कर वृद्धि है। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के सलाहकार रहे और हवाईयन/प्रशांत द्वीपसमूह आयोग के आर्थिक उपसमिति के सह-अध्यक्ष भारतवंशी अजय भुतोरिया का कहना है कि टैरिफ के चलते भारतीय वस्तुओं- जैसे कपड़ा और फार्मास्यूटिकल्स महंगे हो सकते हैं। वहीं टैरिफ ऑटोमोबाइल, किराने का सामान, चिकित्सा आपूर्ति और अनगिनत अन्य उत्पादों की लागत बढ़ जाएगी। इससे अमेरिकी उपभोक्ताओं को सालाना 2,500 से 15,000 डॉलर का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ेगा।

## युगांडा की मलेरिया के खिलाफ लड़ाई, 1.1 मिलियन बच्चों को लगाए जाएंगे टीके

**कंपाला, एजेंसी।** युगांडा ने एक ऐतिहासिक मलेरिया टीकाकरण अभियान शुरू किया, जिसका लक्ष्य दो साल से कम उम्र के 1.1 मिलियन बच्चों को टीका लगाना है, जो अब तक का सबसे बड़ा अभियान है। प्रधानमंत्री रोबिनाह नब्बांजा ने बुधवार को उत्तरी युगांडा के अपाक जिले के बूमा ग्राउंड्स में टीकाकरण अभ्यास के आधिकारिक शुभारंभ की अध्यक्षता की। अभियान का उद्देश्य छह से 18 महीने की उम्र के बच्चों को आर21/मैट्रिक्स-एम इंजेक्शन योग्य टीका लगाना है।

नब्बांजा ने कार्यक्रम में कहा, यह हमारे देश को मलेरिया के भारी बोझ से मुक्त करने की दिशा में एक साहसिक कदम है, एक ऐसी बीमारी जिसने बहुत लंबे समय से हमारे बच्चों के भविष्य को छीन लिया है, हमारी स्वास्थ्य प्रणाली को कमजोर कर दिया है और हमारी सामाजिक-आर्थिक प्रगति में बाधा उत्पन्न की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मलेरिया और अन्य रोकथाम योग्य बीमारियों के खिलाफ टीकाकरण, अपने बच्चे को जीवन भर सुरक्षित रखें थीम के तहत अभियान उच्च से



मध्यम मलेरिया ट्रांसमिशन रेट्स वाले 146 में से 105 जिलों में चलाया जाएगा। 2021 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा इसकी पूर्व-योग्यता और अनुशंसा के बाद से, यह टीका मलेरिया की रोकथाम में एक आवश्यक उपकरण साबित हुआ है। नैदानिक परीक्षणों के तीन चरणों के बाद, इसे बीमारी के बोझ को कम करने और बाल मृत्यु दर को कम करने के तौर पर एक गेम-चेंजर के रूप में देखा गया है। इस रोलआउट ने युगांडा को मलेरिया के टीके को अपने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल करने वाला 19वां अफ्रीकी देश बना दिया। युगांडा में डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि कासोंडे मविंगा ने लॉन्च कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, नियमित टीकाकरण में मलेरिया के टीके को शामिल करके, युगांडा अपने बच्चों की सुरक्षा, जीवन बचाने और एक स्वस्थ भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एक साहसिक कदम उठा रहा है। युगांडा की स्वास्थ्य मंत्री जेन रूथ एसेंग ने मलेरिया के खिलाफ देश की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर के रूप में इसकी शुरुआत को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, इससे बच्चों में प्रतिदिन मलेरिया के कम से कम 800 गंभीर मामलों को रोकने और परिवारों पर वित्तीय बोझ कम करने की उम्मीद है। उन्होंने माता-पिता और स्वास्थ्य कर्मियों से अपील की कि वे सुनिश्चित करें कि बच्चे सभी चार खुराकें पूरी करें - छह, सात, आठ और 18 महीने की उम्र में दी जाने वाली खुराक - ताकि उन्हें बेहतर सुरक्षा मिले। इस टीके की शुरुआत युगांडा के नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को 14 बच्चों के टीकों तक बढ़ा देती है - स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, यह अफ्रीका में सबसे व्यापक टीकों में से एक है।

## अमेरिका में भारतीय युवक को 35 साल जेल की सजा, सोशल मीडिया एप के जरिए करता था बच्चों का यौन शोषण

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका की संघीय अदालत ने एक भारतीय नागरिक को 35 साल की जेल की सजा सुनाई है। युवक एक सोशल मीडिया एप के जरिए बच्चों को यौन शोषण करता था। जब नाबालिग ने उसकी बात मानने से इन्कार कर देते तो वह धमकी देता था। यूएस अटॉर्नी रॉबर्ट ट्रॉस्टर ने कहा कि एडमंड ओक्लाहोमा में अप्रवासी वीजा पर रहने वाले 31 वर्षीय भारतीय नागरिक साई कुमार कुर्रेमुला को यूएस डिस्ट्रिक्ट जज चार्ल्स गुडविन ने तीन बच्चों के यौन शोषण और बाल पोर्नोग्राफी के लिए 420 महीने की सजा सुनाई गई है। गुडविन ने बताया कि कुर्रेमुला ने पीड़ितों को ऐसा आघात पहुंचाया जो उनके जीवनभर उनके और उनके परिवारों को परेशान करेगा। पिछले साल अप्रैल में कुर्रेमुला पर बच्चों के यौन शोषण और बाल पोर्नोग्राफ़ी के परिवहन का आरोप लगाया था। एक आपराधिक शिकायत के बाद अक्तूबर 2023 में संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने एक सोशल मीडिया मैसेजिंग ऐप पर एक खाते की जांच शुरू की। इसमें कुर्रेमुला का अकाउंट था। वह नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण कर रहा था। एफबीआई एप पर बने आरोपी के अकाउंट के आईपी एड्रेस के जरिए कुर्रेमुला तक पहुंची। सुनवाई के दौरान एफबीआई ने कोर्ट को बताया कि उसने सोशल मीडिया मैसेजिंग एप से कम से कम 19 नाबालिगों का यौन शोषण किया था। अक्सर अपने पीड़ितों का विश्वास जीतने के लिए वह 13-15 साल का लड़का बन जाता। जब पीड़ितों ने उसकी बात मानने से इन्कार कर दिया तो उसने पीड़ितों को बाल पोर्नोग्राफ़ी बनाने के लिए हेरफेर, धमकी और जबरन वसूली की। कुर्रेमुला ने दोषी होने की दलील दी। उसने तीन नाबालिग पीड़ितों का यौन शोषण करने और जानबूझकर बाल पोर्नोग्राफी की करने बात स्वीकार की। कुर्रेमुला ने स्वीकार किया कि नाबालिग पीड़ितों को बात मनवाने के लिए वह धमकी देता था। उसने एक नाबालिग को धमकी दी कि वह उसके घर जाएगा और उसके माता-पिता को उसकी तस्वीरें दिखाएगा। जबकि दूसरी पीड़िता को धमकी दी कि वह उसके घर आएगा और उसके परिवार को गोली मार देगा। उसने तीसरी युवती से कहा कि वह उसकी तस्वीरें और वीडियो सार्वजनिक कर देगा। अटॉर्नी ट्रॉस्टर ने कहा कि अभियुक्त का कई बच्चों का शोषण, हेरफेर और जबरदस्ती करना, न्यायालय द्वारा लगाए गए 35 साल के कारावास को उचित ठहराता है। एफबीआई के ओक्लाहोमा सिटी के विशेष एजेंट इन चार्ज डग गुडवाटर ने कहा कि कुर्रेमुला ने बच्चों को अपने विकृत संतुष्टि के लिए स्पष्ट चित्र भेजने के लिए प्रेरित किया। इन घृणित कार्यों ने पीड़ितों की मासूमियत छीन ली और उनको नुकसान पहुंचाया।

# भारत अनोखे सर्टिफिकेट मांगता है, जिनकी वजह से अमेरिकी उत्पादों को बेचना मुश्किल, व्हाइट हाउस का आरोप

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय समयनुसार, बुधवार देर रात दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने का एलान कर दिया। ट्रंप ने भारत पर 26 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। अब व्हाइट हाउस ने भारत पर अनोखे प्रमाण पत्र मांगने का आरोप लगा दिया है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा है कि भारत रसायन, दूरसंचार उत्पादों और चिकित्सा उपकरणों जैसे क्षेत्रों में अनोखे और बोझिल प्रमाण पत्र मांगता है, जिनके चलते अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत में अपने उत्पाद बेचने मुश्किल हो जाते हैं।

**कई देशों ने अमेरिका का फायदा उठाया :** व्हाइट हाउस ने एक फैक्ट शीट में कहा है कि भारत रसायन, दूरसंचार उत्पादों और चिकित्सा उपकरणों जैसे क्षेत्रों में बोझिल और अनोखे परीक्षण और प्रमाणन आवश्यकताओं को लागू करता है, जो अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत में अपने उत्पादों को बेचना या तो मुश्किल हो जाता है या फिर महंगा हो जाता है। अगर इन बाधाओं को हटा दिया जाता है, तो अनुमान है कि अमेरिकी निर्यात में सालाना कम से कम 5.3 अरब डॉलर की वृद्धि होगी। ट्रंप ने भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है, यह भारत द्वारा अमेरिकी वस्तुओं पर लगाए जाने वाले 52 प्रतिश शुल्क का आधा है। ट्रंप ने भारत के टैरिफ को बहुत कठोर बताया। व्हाइट हाउस ने कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ अन्य देशों द्वारा लगाए गए गलत टैरिफ और इससे पैदा हुई असमानताओं को दूर करेंगे और अमेरिकी व्यवसायों और श्रमिकों के लिए मौके बनाएंगे। पीढ़ियों से, कई देशों ने अमेरिका का फायदा उठाया है और हम पर उच्च दरों पर टैरिफ लगाया है।

**व्हाइट हाउस ने बताया टैरिफ का अंतर :** व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिका यात्री वाहन



आयात पर 2.5 प्रतिशत टैरिफ लगाता है, जबकि यूरोपीय संघ (10 प्रतिशत) और भारत (70 प्रतिशत) एक ही उत्पाद पर बहुत अधिक शुल्क लगाते हैं। नेटवर्किंग स्विच और राउटर के लिए अमेरिका जीरो प्रतिशत टैरिफ लगाता है, लेकिन भारत 10-20 प्रतिशत टैरिफ लगाता है। चावल के लिए, अमेरिका 2.7 प्रतिशत का टैरिफ लगाता है, जबकि भारत (80 प्रतिशत), मलेशिया (40 प्रतिशत), और तुर्की (31 प्रतिशत) काफी ज्यादा टैरिफ लगाते हैं। सेब के आयात पर अमेरिका में कोई शुल्क नहीं लगता, लेकिन तुर्की (60.3 प्रतिशत) और भारत (50 प्रतिशत) में ऐसा नहीं है।

**चीन पर भी लगाए आरोप :** व्हाइट हाउस की फैक्ट शीट में कहा गया है, अमेरिका सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र (स्न्नह्र) पर साधारण औसत टैरिफ दरें 3.3 प्रतिशत हैं, जबकि हमारे कई प्रमुख व्यापारिक साझेदारों, जैसे ब्राज़ील (11.2 प्रतिशत), चीन (7.5 प्रतिशत), यूरोपीय संघ (5 प्रतिशत), भारत (17 प्रतिशत) और वियतनाम (9.4 प्रतिशत) में स्न्नह्र पर साधारण औसत टैरिफ दरें काफी अधिक हैं। व्हाइट हाउस ने कहा कि चीन की गैर-बाजार नीतियों और प्रथाओं ने चीन को विनिर्माण उद्योगों में वैश्विक प्रभुत्व दिया है, जिससे अमेरिकी उद्योग नष्ट हो गया। साल 2001 और 2018 के बीच, इन वजहों से अमेरिका-चीन व्यापार घाटे में वृद्धि के कारण 37 लाख अमेरिकी नौकरियां गईं।

# रेलवे की अनूठी पहल: रेल यात्रियों के गुम हुए मोबाइल फोन की तेज रिकवरी

## यह पहल पूरे देश में लागू की जाएगी जिससे करोड़ों रेलयात्रियों को लाभ मिलेगा

**नई दिल्ली।**

रेलयात्रियों के खोए या गायब हुए मोबाइल फोन को ढूंढ़ने में मदद के लिए भारतीय रेलवे का पहला कदम उठाया गया है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने दूरसंचार विभाग के साथ हाथ मिलाकर दूरसंचार विभाग के सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल के माध्यम से खोए फोनों की तेज रिकवरी में सहायक बनने का ऐलान किया है। यह पहल नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे (एनएफआर) में एक पायलट प्रोग्राम के विजयपूर्ण परिणाम के बाद शुरू की गई है। रेलमंत्रालय द्वारा यह पहल पूरे देश में लागू की जाएगी जिससे करोड़ों रेलयात्रियों को लाभ मिलेगा। यात्रियों को अपने गुम हुए मोबाइल फोन प्राप्त करने के लिए रेल मदद या 139 नंबर डायल करके रिपोर्ट करने का विकल्प मिलेगा। अगर यात्री एफआईआर दर्ज कराना नहीं चाहते तो वे सीईआईआर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सीईआईआर पंजीकरण के बाद, आरपीएफ की जोनल साइबर सेल शिकायत को सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज करेगी और उसके बाद डिवाइस को ब्लॉक कर देगी। अगर नई सिम के साथ खोए गए फोन का पता लगता है, तो विकल्पकर्ता को निकटतम आरपीएफ पोस्ट पर लौटाने की सलाह दी जाएगी। सीईआईआर पोर्टल द्वारा दूरसंचार विभाग द्वारा शुरू किया गया यह प्लेटफॉर्म, खोए उपकरणों को ब्लॉक करने, ट्रैक करने और प्रबंधित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। आरपीएफ अब खोए मोबाइल फोन को उनके आईएमईआई नंबर को ब्लॉक करके बेकार कर सकेगा, जिससे इन उपकरणों के अवैध कब्जे और दोबारा बेचने पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। आरपीएफ ने नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे में एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया था जिससे कई खोए हुए मोबाइल फोनों की सफल रिकवरी हुई और मोबाइल चोरी में शामिल व्यक्तियों को पकड़ा गया।

# फॉर्च्यूनर में एलपीजी किट इंस्टॉल कर पेश किया नया विकल्प



**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार द्वारा डीजल इंजन पर संभावित प्रतिबंध को देखते हुए फॉर्च्यूनर के वैकल्पिक ईंधन विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। इसी क्रम में थाईलैंड की हांगटोंग गैस कंपनी ने फॉर्च्यूनर में एलपीजी किट इंस्टॉल कर एक नया विकल्प पेश किया है।

हांगटोंग गैस प्रिंस ब्रांड की एलपीजी किट का उपयोग करती है, जिसे दुनियाभर में पेट्रोल वाहनों के लिए उपयुक्त माना जाता है। इस किट को लगाने के लिए एसयूवी के स्पेयर-व्हील स्लॉट में डोनट-शेप सिलेंडर लगाया गया है, जिससे बूट स्पेस पर कोई असर नहीं पड़ता। कंपनी का दावा है कि इस किट से न केवल ईंधन लागत कम होगी, बल्कि एक्सेलेरेशन और ड्राइविंग अनुभव भी बेहतर होगा। भारत में एलपीजी एक सस्ता और आसानी से उपलब्ध ईंधन है, जिससे फॉर्च्यूनर जैसी एसयूवी को चलाना अधिक किफायती बन सकता है। यदि यह तकनीक सफल होती है, तो यह पेट्रोल और डीजल के मुकाबले एक बढ़िया विकल्प साबित हो सकती है। फिलहाल, टोयोटा फॉर्च्यूनर 2.8-लीटर डीजल (201 बीएचपी, 420 एनएम) और 2.7-लीटर पेट्रोल (164 बीएचपी, 245 एनएम) इंजन ऑप्शन में उपलब्ध है। इसकी ऑन-रोड कीमत रुपए 41.44 लाख से रुपए 64.47 लाख के बीच है। यदि भारत में भी एलपीजी वेरिएंट आता है, तो यह एसयूवी सेगमेंट में बड़ा बदलाव ला सकता है। बता दें कि टोयोटा फॉर्च्यूनर भारतीय बाजार में सबसे लोकप्रिय और भरोसेमंद फुल-साइज़ एसयूवीमें से एक है। यह अपनी मजबूती, कंफर्ट और ऑफ-रोडिंग क्षमताओं के लिए जानी जाती है।

# इंटेरियो का वित्त वर्ष 2027 तक अपने बी2बी व्यवसाय में 30 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य

**मुंबई।**

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के प्रमुख होम और ऑफिस फर्नीचर ब्रांड, इंटेरियो ने वित्त वर्ष 2027 तक अपने बी2बी व्यवसाय में 30 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य तय किया है। कंपनी ने अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए 55 करोड़ रुपये का निवेश किया है। ऑफिस फर्नीचर बाजार के 2024 में 5.8 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2033 तक 8.83 प्रतिशत की सीएजीआर पर 13.0 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह देखकर इंटेरियो ने अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को बदलने और कार्यस्थल समाधानों में उभरते मौका का लाभ उठाने के लिए यह निवेश किया है। इंटेरियो के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत का ऑफिस सेक्टर एक महत्वपूर्ण परिवर्तन से गुजर रहा है, जिसमें वैश्विक उद्यम और बहुराष्ट्रीय कंपनियां उच्च-प्रदर्शन, भविष्य के लिए तैयार कार्यस्थलों की तलाश कर रही हैं। इंटेरियो का लक्ष्य इसतरह के ऑफिस वातावरण तैयार करना है जो कर्मचारियों की उत्पादकता को बढ़ावा दें, उनके स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता दें और सतत व्यापारिक प्रथाओं का समर्थन करें। भारत में वाणिज्यिक कार्यालय स्थान की मांग 2025 में 65-70 मिलियन वर्ग फुट तक पहुंचने की संभावना है। इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, इंटेरियो लचीले, एर्गोनोमिक, टिकाऊ और तकनीकी रूप से उन्नत कार्यालय वातावरण बना रहा है जो बहुराष्ट्रीय निगमों, वैश्विक क्षमता केंद्रों और प्रगतिशील उद्यमों की जरूरतों को पूरा करता है। इंटेरियो ने अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में मोशन एंड थ्रिल चेयर और फ्लेक्समीट वर्कस्टेशन जैसी एर्गोनोमिक श्रेणी में मजबूत प्रगति देखी है। इंटेरियो ने कॉर्पोरेट कार्यालयों, सरकारी सुविधाओं, बैंकिंग, बुनियादी ढांचे (मेट्रो, हवाई अड्डे), संग्रहालयों, सभागारों, स्वास्थ्य सेवा, आतिथ्य, गोदामों और खुदरा स्थानों सहित विभिन्न क्षेत्रों में 100 मिलियन वर्ग फुट से अधिक में फैली 1500 से अधिक परियोजनाओं को क्रियान्वित किया है। कंपनी ने 70 से अधिक उत्पादों को डिज़ाइन रजिस्ट्रेशन और 9 उत्पादों को पेटेंट प्राप्त हुए हैं।

# ट्रंप टैरिफ से गिरते बाजार में इस निजी सेक्टर के बैंक के शेयर दौड़े खूब

**मुंबई।**

वैश्विक अनिश्चितताओं, ट्रंप टैरिफ और बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच निवेशकों में घबराहट का माहौल बना हुआ है। प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स कारोबार के दौरान 1000 से ज्यादा अंक गिरा। निफ्टी-50 भी 23 हजार के महत्वपूर्ण स्तर से नीचे आ गया। निफ्टी के प्रमुख सेक्टोरल इंडेक्स आईटी, फार्मा, मेटल, ऑटो, रियल्टी, ऑयल एंड गैस हेल्थकेयर में भारी बिकवाली हुई। एक ओर जहां बाजार में ट्रंप टैरिफ की वजह से बड़ी गिरावट आई है। वहीं दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। निजी बैंक के शेयर शुक्रवार के कारोबार के दौरान 3 प्रतिशत तक चढ़ गया। शेयरों में इस तेजी की वजह चौथी तिमाही की बिजनेस अपडेट को माना जा रहा है।एचडीएफसी बैंक के शेयर शुक्रवार को मजबूती के साथ 1808 रुपये पर खुले। दिन के कारोबार के दौरान बैंक के शेयर 2.7 फीसदी चढ़कर 1842.20 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गए थे। हालांकि, बाद में बैंक के शेयरों में थोड़ी नरमी दिखाई दी। बाजार बंद होने से पहले बैंक के शेयर बीएसई पर 23.45 रुपये चढ़कर 1817.15 रुपये पर थे। बैंक ने अपनी चौथी तिमाही के बारे में बताया कि उसकी डिपॉजिट्स सालाना आधार पर 14.1 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 5.9 प्रतिशत बढ़कर 27.15 लाख करोड़ हो गईं।

# घरेलू और विदेशी बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

## सोने का भाव 89,350 रुपए, चांदी 92,600 रुपए के करीब

**नई दिल्ली।**

देश के सराफा बाजार और` विदेशी बाजारों में भी शुक्रवार को सोने-चांदी के भाव में नरमी देखने को मिल रही है। घरेलू बाजार में शुक्रवार को दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। इस समय सोने के वायदा भाव 89,350 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे, जबकि चांदी के भाव 92,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के भाव काफी बढ़ने के बाद तेजी से गिर रहे हैं। जानकारों के मुताबिक इसकी वजह मुनाफावसूली है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 606 रुपये की गिरावट के साथ 89,451 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 90,057 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रेक्ट 715 रुपये की गिरावट के साथ 89,342 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 299 रुपये की गिरावट के साथ 94,100 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 94,399 रुपये था। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,01,999 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में इसके भाव गिर गए। चांदी की शुरुआत सुस्त ही हुई। कॉमेक्स पर



सोना 3,138 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,121.70 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 6.10 डॉलर की गिरावट के साथ 3,115.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव 3,196.60 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 31.92 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 31.97 डॉलर था।

# केंद्र सरकार अपनी माज़गॉन डॉक शिपबिल्डर्स में 4.83 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी

### बिक्री ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए होगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अपनी पीएसयू, माज़गॉन डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में 4.83 फीसदी की हिस्सेदारी बेचने की घोषणा की है। यह बिक्री ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए होगी, जिसमें सरकार शुरुआत में 2.83 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी और अतिरिक्त 2 फीसदी का हिस्सा ग्रीन शू ऑप्शन के तहत बीच कर सकती है। बिक्री का ऑर्डर बुक करीब 54,000 करोड़ रुपए से अधिक है, जो दर्शाता है कि बाजार में कम्पनी के खिलाफ भरोसा मजबूत है। इस साल के अप्रैल के महीने में ओएफएस नॉन-रिटेल निवेशकों के लिए खुलेगा, जिसके दौरान 2,525 डॉलर प्रति शेयर का फ्लोर प्राइस है। बाजार उम्मीद कर रहा है कि बिक्री की मांग अच्छी होगी और सरकार इस साल के अंत तक अपनी हिस्सेदारी को 80 फीसदी तक घटा सकती है। इस बिक्री के पीछे सरकार के कई उद्देश्य हैं, जिनमें सार्वजनिक शेयरहोल्डिंग की वित्तीय स्थिति को बेहतर बनाना और निजी निवेश को बढ़ावा देना शामिल है। माज़गॉन डॉक के उद्धारण और रक्षा मंत्रालय के अधीन उनके योगदान का महत्वपूर्ण स्थान है और वे भविष्य में और अधिक निजी निवेश आकर्षित कर सकते हैं।



# रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को तीन पैसे की गिरावट के साथ ही 85.33 पर बंद हुआ। इससे पले आज सुबह रुपया शुरुआती कारोबार में 34 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.96 पर पहुंच गया। अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के बाद डॉलर में व्यापक कमजोरी से रुपये सहित उभरते बाजारों की मुद्राओं को राहत मिली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.07 पर खुला। फिर बढ़त के साथ 84.96 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 34 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.30 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.42 फीसदी की गिरावट के साथ 101.64 पर रहा।

# थॉमस कुक इंडिया के ब्रांड एंबेसडर बने कार्तिक आर्यन

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा सेवा प्रदाता थॉमस कुक इंडिया ने बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन को अपने बॉर्डरलेस यात्रा कार्ड के लिए ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। कंपनी ने बयान जारी कर कहा कि यह कदम विशेष रूप से युवा भारत को लक्षित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। कार्तिक आर्यन अपने करिश्माई व्यक्तित्व और युवाओं के साथ मजबूत जुड़ाव के लिए जाने जाते हैं। उनका प्रशंसक आधार, आकांक्षात्मक छवि, और विशेष रूप से मिलेनियल्स और जेनजेड के बीच उनकी पहचान उन्हें एक प्रमुख प्रभावशाली व्यक्ति बनाती है। वह भारत के नए युग के यात्री की भावना को व्यक्त करते हैं, जो उन्हें थॉमस कुक के फॉरेक्स विशेषज्ञता का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है।




# पेट्रोल और डीजल की कीमत स्थिर

### दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए है और डीजल प्रति लीटर 87.62 रुपए

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार जल्द ही पेट्रोल-डीजल के दाम में राहत दे सकती है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत की बात करें तो ये 94.72 रुपए है और डीजल प्रति लीटर 87.62 रुपए है। इसके अलावा मुंबई में प्रति लीटर की कीमत 103.94 रुपए और डीजल प्रति लीटर के दाम 89.97 रुपए है। वहीं कोलकाता में प्रति लीटर पेट्रोल का भाव 103.94 रुपए और डीजल का भाव 90.76 रुपए है। आखिर में चेन्नई में प्रति लीटर पेट्रोल का दाम 100.85 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.44 रुपए प्रति लीटर है। इससे पहले 14 मार्च को लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पेट्रोल और डीजल के दाम 2 रुपए प्रति लीटर कम हुए थे। जबकि, उससे पहले 22 मई 2022 में सरकार ने एक्साइज ड्यूटी कम की थी, जिसके बाद पेट्रोल 13 रुपए प्रति लीटर और डीजल 16 रुपये प्रति लीटर सस्ता हुआ था। वहीं, पेट्रोलियम मंत्री ने हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि अगर ग्लोबल लेबल पर कच्चे तेल की कीमत अभी की तरह रही तो देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में कमी देखने को मिल सकती है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 931 अंक नीचे आया

### निफ्टी भी 345 अंक टूटा, निवेशकों को 10 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को भारी गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसके अलावा निवेशकों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के भारत सहित 180 देशों पर टैरिफ लगाने के बाद संभावित ट्रेड वॉर की आशंकाओं को देखते हुए सतर्कता बरती। जिससे भी बाजार नीचे आया। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 930.67 अंक करीब 1.22 फीसदी नीचे आकर 75,364.69 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में 345.65 अंक तकरीबन 1.49 फीसदी की बड़ी गिरावट के साथ 22,904.45 पर बंद हुआ। इस दौरान निफ्टी मेटल, ऑटो, आईटी और फार्मा शेयरों में 2.17 प्रतिशत तक की गिरावट रही। बैंक और वित्तीय शेयरों में हालांकि बढ़त रही। आज बाजार में गिरावट से निवेशकों को काफी नुकसान हुआ है। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकर घटकर 4,03,83,671 करोड़ रुपये पर आ गया। वहीं यह गुरुवार को बाजार बंद होने के बाद 414,16,218 करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों के कुल मिलाकर 10,32,547 करोड़ रुपये डूब गये। इससे पहले गुरुवार को भी बाजार में गिरावट रही थी। आईटी इंडेक्स में गिरावट के चलते बाजार नीचे आया था। हालांकि, फार्मा और बैंकिंग स्टॉक्स में खरीदारी से बाजार में निचले स्तरों से रिकवरी हुई थी। घरेलू बाजार में गिरावट का एक कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों का नीचे आना रहा है। रिलायंस के शेयर आज बीएसई पर 4 फीसदी से अधिक टूकर 1,195.75 रुपये के दिन के निचले स्तर पर आ गए। रिलायंस के अलावा कई अन्य लार्जकैप शेयरों में भी बिकवाली रही। टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, इंडसइंड बैंक, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, इंफोसिस, टीसीएस, मारुति सुजुकी, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स और टाइटन के शेयरों में भी 1 फीसदी से 6 फीसदी तक की गिरावट आई। एशियाई बाजारों में लगातार दूसरे दिन भारी गिरावट रही। ट्रंप के टैरिफ और अमेरिका में मंदी की आशंका से भी निवेशक सतर्क नजर आये। जापान का निक्केई इंडेक्स 3 फीसदी नीचे आया। वहीं ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 इंडेक्स 2.44 फीसदी गिरा, और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.78 फीसदी फिसला। वहीं चीन और हांगकांग के बाजारों में आज छुट्टी रही। इससे पहले अमेरिकी बाजारों में गुरुवार को भारी गिरावट आई। व्यापक बाजार सूचकांक 4.84 प्रतिशत गिरकर 5,396.52 पर बंद हुआ, डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 1,679.39 अंक या 3.98 फीसदी नीचे आकर 40,545.93 पर बंद हुआ, जबकि नैस्डैक कंपोजिट 5.97 फीसदी टूटकर 16,550.61 पर बंद हुआ। वहीं एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई इंडेक्स 2.46 फीसदी नीचे था और टॉपिक्स 3.18 फीसदी पीछे था। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.29 फीसदी फिसला जबकि कोसडैक 0.59 फीसदी ऊपर आया। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 1.42 फीसदी गिरा।

# व्हाइट हाउस के दस्तावेज में भारत पर शुल्क 27 से घटाकर किया गया 26 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' के दस्तावेज में भारत पर लगाए जाने वाले आयात शुल्क को 27 प्रतिशत से घटाकर 26 प्रतिशत कर दिया है। शुल्क नौ अप्रैल से लागू होंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विभिन्न देशों के खिलाफ जवाबी शुल्क की घोषणा करते हुए एक चार्ट दिखाया था जिसमें भारत, चीन, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसे देशों पर लगाई जाने वालीं नई शुल्क दरों का उल्लेख था।चार्ट के अनुसार, भारत ''मुद्रा हेरफेर और व्यापार बाधाओं'' सहित 52 प्रतिशत शुल्क लेता है और अमेरिका अब भारत से 26 प्रतिशत का रियायती जवाबी शुल्क वसूलेगा। हालांकि, व्हाइट हाउस के दस्तावेजों में भारत पर 27 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने का जिक्र था लेकिन नवीनतम अद्यतन दस्तावेज में इसे घटाकर 26 प्रतिशत कर दिया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि शुल्क के एक प्रतिशत कम होने का ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# भारत के सेवा क्षेत्र में गतिविधि में उत्पादन और बिक्री में मामूली गिरावट

## घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग काफी हद तक उत्साहजनक रही

**नई दिल्ली।**

भारत के सेवा क्षेत्र में गतिविधि में उत्पादन और बिक्री में मामूली गिरावट के साथ मार्च महीने में थोड़ी धीमी रही है, इसकी जानकारी शुक्रवार को एक मासिक सर्वेक्षण से मिली है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा कारोबारी गतिविधि सूचकांक फरवरी के 59.0 से घटकर मार्च में 58.5 पर आ गया है।

क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के अनुसार, 50 से ऊपर अंक का मतलब है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है जबकि 50 से कम का आशय है कि संकुचन हो रहा है। एचएसबीसी के भारत के एक प्रमुख अर्थशास्त्री ने इस संकेत को तर्कसंगत बताया, भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर मार्च 2025 में 58.5 रही है जो पिछले महीने से थोड़ा कम है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग काफी हद तक उत्साहजनक रही, हालांकि यह पिछले महीने की तुलना में क्रमिक रूप से कम रही। कीमत की दृष्टि से मार्च में तैयार माल शुल्क पर मुद्रास्फीति साढ़े तीन साल के निचले स्तर पर आ गई है। सर्वेक्षण प्रतिभागियों के अनुसार, मार्च में सेवा अर्थव्यवस्थाओं में भर्तियों की गतिविधि में कमी आई है। उपभोक्ता सेवा कंपनियां मार्च में सबसे अधिक उत्साहित रही हैं, उसके बाद वित्त एवं बीमा, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाएं, तथा परिवहन, सूचना और संचार सेक्टर। इस दौरान, भारतीय निजी क्षेत्र की गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं, क्योंकि कंपनियों ने नए ऑर्डरों में वृद्धि का स्वागत किया है। एचएसबीसी इंडिया कम्पोजिट आउटपुट सूचकांक फरवरी के 58.8 से मार्च में सात महीने के उच्च स्तर 59.5 पर पहुंच गया है। समग्र पीएमआई सूचकांक तुलनीय विनिर्माण और सेवा पीएमआई सूचकांकों का भारित औसत है। एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 सेवा क्षेत्र की कंपनियों के समूह को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया गया है।

# ट्रंप के कदम से अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर होगा नुकसान:रघुराम राजन

### अमेरिकी उत्पादों के लिए विदेशी बाजार में अधिक मुश्किल होगी

**मुंबई।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 60 देशों पर लगाए गए टैरिफ के संकेतों ने वैश्विक व्यापार समुदाय को हिला दिया है। इसके बाद भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने एक कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ट्रंप के इस कदम से सबसे बड़ा असर अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। राजन ने बताया कि ट्रंप का इस दौरे को खुद से नुकसान पहुंचाने जैसी क्रिया समझा जा सकता है। अमेरिकी उत्पादों के लिए विदेशी बाजार में अधिक मुश्किल होगी। पारंपरिक धाराओं पर उत्तेजना भी बढ़ सकती है। राघुराम राजन ने कहा कि भारत को अमेरिकी टैरिफ के व्यापार संकट को अवसर में बदलने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमे अपने टैरिफ को कम करके अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी प्रतिस्पर्धा बढ़ानी चाहिए। भारत को अपनी व्यापार रणनीति में बदलाव कर एशियाई बाजारों को अधिक महत्व देना चाहिए। चीन और दक्षिण एशियाई देशों के साथ सशक्त व्यापारिक संबंध बनाना जरूरी होगा। ट्रंप प्रशासन का मुख्य लक्ष्य अमेरिकी उत्पादन को बढ़ाने की है। लेकिन राघुराम राजन का कहना है कि यह लंबी प्रक्रिया होगी और अत्यधिक मुश्किल होगी। अब देखना होगा कि भारत किस दिशा में रुख अपनाता है।

# पॉपुलर मोपेड ई-लूना का अपडेटेड वर्जन होगा लॉन्च

**नई दिल्ली।** काइनेटिक अपनी पॉपुलर मोपेड ई-लूना का अपडेटेड वर्जन लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। यह नया मॉडल पेट्रोल वर्जन की तरह ही दिखेगा लेकिन इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के हिसाब से इसमें कुछ अहम बदलाव किए गए हैं। इसके लिए कंपनी ने डिजाइन पेटेंट रजिस्टर करा लिया है। इसमें चौकोर हेडलैंप और एक छोटा डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर मिलेगा। नई ई-लूना में बैटरी की प्लेसमेंट को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन सीट और हैंडलबार के बीच एक बड़ा बॉक्स देखा गया है, जिसमें नया बैटरी पैक हो सकता है। इससे मोपेड की रेंज पहले से ज्यादा हो सकती है। मौजूदा ई-लूना में 2 केडब्ल्यूएच बैटरी दी गई है, जो 110 किलोमीटर तक चल सकती है। नए वर्जन में एक्स्ट्रा बैटरी पैक मिलने की संभावना है, जिससे यह 200 किलोमीटर तक की रेंज दे सकती है। मौजूदा मॉडल की टॉप स्पीड 50 किमी/घंटा है और इसे फुल चार्ज होने में 4 घंटे लगते हैं। नए मॉडल में तेज चार्जिंग तकनीक देखने को मिल सकती है।

# आईपीएल में आज होगा सीएसके और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला

**चेन्नई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को चेन्नई सुपर (सीएसके) अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इस मैच में जीत के लिए हालांकि सीएसके के बल्लेबाजों और गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। यहां की पिच स्पिनर की सहायक रही है, ऐसे में स्पिनरों की भूमिका अहम रहेगी। दोनो ही टीमों के पास अच्छे स्पिनर हैं। दिल्ली के स्पिनर कुलदीप यादव और चेन्नई सुपर किंग्स के पास अनुभवी आर अश्विन हैं। बीच के ओवरों में इन दोनों ही स्पिनरों पर काफी कुल निर्भर करेगा। वहीं अगर बल्लेबाजी की बात करें तो दिल्ली कैपिटल्स के पास फाफ डु प्लेसी, केएल राहुल, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम और कप्तान अक्षर पटेल जैसे खिलाड़ी हैं।

वहीं दूसरी ओर सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के अलावा ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे पर आधारित रहेगी। अनुभवी बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी इस मैच में भी निचले क्रम पर ही उतरेंगे क्योंकि हाल में टीम के कोच ने कहा था कि वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते।

ऐसे में शिवम और जडेजा को तेजी से रन बनाने होंगे। टीम के सलामी बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी अब तक तेज गेंदबाजों के सामने सहज नहीं दिखे। पारी की शुरुआत में वह भी वह विफल रहे। दिल्ली की टीम को अनुभवी फाफ डु प्लेसी से लाभ मिल सकता है। इसके अलावा टीम के पास जैक-फ्रेजर मैकगर्क, ट्रिस्टन स्टब्स और अभिषेक पोरेल जैसे बल्लेबाज भी हैं।

इस मैच में सीएसके के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन भी अंतर पैदा कर सकते हैं। वह हालांकि अभी तक उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।



### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**चेन्नई सुपर किंग्स =** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रवींद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुडा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, श्रेयस। गोपाल, वंश बेदी, आंद्रे सिद्धार्थ।

**दिल्ली कैपिटल्स =** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, करुण नायर, फाफ डु प्लेसी, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिशेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव।

# पाक क्रिकेट का भविष्य खतरे में नजर आ रहा : बासित



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बल्लेबाज बासित अली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम के खराब प्रदर्शन पर निराश जताते हुए कहा है कि अगर यही हालात रहे तो आने वाले समय में टीम को विश्व कप सहित बड़े टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए क्वालिफाइंग मुकाबले खेलने पड़ेंगे। बासित ने कहा कि जिस प्रकार टीम चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप-स्तर से भी आगे नहीं बढ़ पायी और उसके बाद अब कीवी टीम के खिलाफ टी20 और एकदिवसीय प्रारूप में हारी है उससे लगता है कि देश में क्रिकेट प्रतिभाएं समाप्त हो गयी हैं। बासित ने कहा कि अब उन्हें पाक क्रिकेट का भविष्य संकट में दिख रहा है। उनका मानना ??है कि अगर शीघ्र ही कदम नहीं उठाये गये तो हालात हाथ से निकल जाएंगे। उन्होंने कहा, अगर हम निर्णय नहीं लेते हैं और सुधार नहीं करते हैं, तो हमें क्वालिफाइंग राउंड खेलना पड़ेगा। हमने विरोधी टीमों केतेज गेंदबाजों के सामने सभी 10 विकेट गंवा दिए। पाक क्रिकेट का हाल ये हो गया है कि वह बाबर आजम के नाम से शुरू होता है और उसी पर खत्म हो जाता है। बासित ने कहा कि एशिया कप के सुपर फोर चरण में भारतीय टीम ने उसे हराया था तभी से टीम का खराब दौर शुरू हो गया था।

उन्होंने कहा, भारत के खिलाफ एशिया कप का पहला मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। उसके बाद जिस प्रकार से विराट कोहली और के एल राहुल ने हमारे गेंदबाजों को पीटा उससे हमारी टीम संभल नहीं पायी। वहीं टी20 विश्वकप में पाक टीम उसके बाद से न तो पाकिस्तान की बल्लेबाजी और न ही गेंदबाजी स्थिर हुई है। पिछले साल के टी20 विश्व कप में भी हमारी टीम छोटे से लक्ष्य को हासिल नहीं कर पायी।

# जसप्रीत बुमराह का रिहैब जारी, मुंबई इंडियंस के अगले मैचों में खेलना मुश्किल



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच में नहीं खेल पाएंगे और 7 अप्रैल को वानखेड़े स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले हाई-वोल्टेज मैच में भी उनका खेलना संदिग्ध है। यह स्थ्ढ़ के लिए झटका है, लेकिन एक अच्छी बात यह भी है। बुमराह वापसी के करीब हैं क्योंकि वह बीसीसीआई के बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैबिलिटेशन जारी रख रहे हैं।

पीठ के निचले हिस्से में तनाव से जुड़ी तकलीफ के बाद बुमराह जनवरी से ही खेल से बाहर हैं। इसके बाद वह चैंपियंस ट्रॉफी से भी चूक गए जिसे भारत ने पिछले महीने जीता था, हालांकि उन्हें शुरू में प्रोविजनल स्क्वॉड में शामिल किया गया था। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें जनवरी की शुरुआत से 5 सप्ताह के लिए आराम करने की सलाह दी थी। हाल के हफ्तों में 31 वर्षीय खिलाड़ी धीरे-धीरे अपने गेंदबाजी कार्यभार का निर्माण कर रहा है और फिटनेस परीक्षण के अंतिम दौर के करीब है।

बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ से मंजूरी मिलने के बाद ही उन्हें एमआई टीम में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। बुमराह खुद अपनी वापसी में सतर्क रहे हैं, मैदान पर वापस कदम रखने से पहले पूर्ण फिटनेस को प्राथमिकता देते हुए 28 जून से इंग्लैंड में भारत की आगामी पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला पर नजर रखते हुए।

एमआई के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने आखिरी बार 19 मार्च को बुमराह की स्थिति के बारे में बात की थी जिसमें अपने प्रमुख तेज गेंदबाज के बिना सीजन शुरू करने की चुनौती को स्वीकार किया था। उस समय मुंबई को उम्मीद थी कि बुमराह अप्रैल में वापसी करेंगे, लेकिन तब से समयसीमा को पीछे धकेल दिया गया है। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 में अब तक तीन मैच खेले हैं, जिसमें 1-2 जीत-हार का रिकॉर्ड है। बुमराह की अनुपस्थिति में टीम ने सत्यनारायण राजू, विग्नेश पुथुर और अश्विनी कुमार जैसे नए चेहरों को शामिल किया है, जबकि ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर ने तेज गेंदबाजी की कमान संभाली है। हार्दिक पांड्या ने सीम विभाग में अतिरिक्त सहायता प्रदान की है।

# पंजाब और राजस्थान के मुकाबले में जायसवाल की फॉर्म पर रहेगी नजर

**मुल्लांपुर (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने नियमित कप्तान संजू सैमसन की अगुवाई में पंजाब किंग्स के खिलाफ शनिवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग का मैच खेलने के लिए मैदान पर उतरेगी तो सभी की निगाह खराब फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल पर टिकी रहेगी जो मैदान के बाहर की घटनाओं के बजाय अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरना चाहेंगे।

जायसवाल हाल में तब चर्चा में आए थे जब उन्होंने मुंबई की टीम के अपने एक सीनियर साथी के साथ कथित मतभेदों के कारण घरेलू क्रिकेट में गोवा की तरफ से खेलने का फैसला किया। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज आईपीएल में अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। उन्होंने दिन मैच में केवल 34 रन बनाए हैं जिसका उनकी टीम राजस्थान रॉयल्स पर काफी प्रभाव पड़ रहा है।

जायसवाल की खराब फॉर्म का एक कारण उनका मैच अभ्यास की कमी है क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ फरवरी में वनडे क्रिकेट में पदार्पण के बाद वह आईपीएल से पहले किसी प्रतिस्पर्धी मैच में नहीं खेले थे। उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी की टीम से भी बाहर कर दिया गया था।



सैमसन की उंगली में चोट के कारण राजस्थान रॉयल्स ने रियान पराग को पहले तीन मैच के लिए कप्तान नियुक्त किया था और यह स्पष्ट नहीं है कि जायसवाल को यह फैसला नागवार गुजरा या नहीं। लेकिन यह बात किसी से छुपी नहीं है कि जायसवाल आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में बड़ी भूमिका निभाना चाहते हैं लेकिन अभी उन्हें अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना होगा क्योंकि आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में फॉर्म बद से बदतर होने में देर नहीं लगती।

रियान पराग की कप्तानी में नेतृत्व कौशल की अनुभवहीनता स्पष्ट नजर आई लेकिन इस बीच उसकी टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराया जिससे उसके खिलाड़ी आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगे। रॉयल्स के लिए सबसे बड़ी चुनौती पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर होंगे जिन्होंने लगातार दो अर्धशतक जमा कर अपनी शानदार फॉर्म का परिचय दिया है। वह लंबे शॉट खेलने से नहीं हिचकिचा रहे हैं।

इसका सबूत यह है कि उन्होंने अभी तक केवल दो मैच में 13 छक्के लगाए हैं। अय्यर ने आईपीएल 2024 में 16 मैच में इतने छक्के लगाए थे। यही नहीं अय्यर ने अपने कप्तानी कौशल का भी शानदार नमूना पेश किया है। उन्होंने पहले दो मैच में जिस तरह से ग्लेन मैक्सवेल का स्पिन गेंदबाज के रूप के रूप में इस्तेमाल किया, वह सराहनीय है। जहां तक राजस्थान रॉयल्स का सवाल है तो संजू सैमसन की कप्तान के रूप में वापसी से उसकी टीम का हौसला बढ़ेगा लेकिन पंजाब किंग्स के विजय अभियान पर रोक लगाने के लिए उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

**टीमें**

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, आरोन हार्डी, मार्को जानसन, ग्लेन मैक्सवेल, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, लॉकी फर्ग्यूसन। हरप्रीत बराड़, कुलदीप सेन, विजयकुमार वैश्य, यश ठाकुर।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), रियान पराग, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, कुणाल राठौड़, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, नितीश राणा, युद्धवीर सिंह, जोफ्रा आर्चर, महेश थीक्षाना, वानिंदु हसरंगा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय सिंह, तुषार देशपांडे, फजलहक फारूकी, क्वेना मफाका, अशोक शर्मा, संदीप शर्मा।

# एसीसी के नये अध्यक्ष बने पीसीबी प्रमुख नकवी

दुबई ।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के नये अध्यक्ष बने हैं। नकवी श्रीलंका के शम्मी सिल्वा की जगह लेंगे। एसीसी अध्यक्ष पद सभी सदस्य देशों के बोर्ड प्रमुखों को मिलता रहता है। अब तक इस पद पर श्रीलंकाई बोर्ड के प्रमुख सिल्वा थे। नकवी साल 2027 तक इस पद पर बने रहेंगे। नकवी की अब पहली जिम्मेदारी एशिया कप के आयोजन की होगी। एशिया कप सितंबर में टी20 प्रारूप में ही खेला जाएगा। इसके आयोजन स्थल की घोषणा अभी होनी है। नकवी ने एसीसी अध्यक्ष बनने पर सभी का आभार जताते हुए कहा कि मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। नकवी ने कहा कि उनका लक्ष्य क्षेत्र में तेजी से विकास के लिए मिलकर काम करना रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं खेल के विकास और वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने के लिए सभी सदस्य बोर्ड के साथ काम करने को प्रतिबद्ध हूं।



इस दौरान मेरा प्रयास सभी के साथ मिलकर नए अवसरों को खोजना रहेगा।, साथ ही कहा कि हम आपसी सहयोग को बढ़ावा देंगे और एशियाई क्रिकेट को ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। नकवी ने कहा कि मैं निवर्तमान एसीसी अध्यक्ष को भी उनके योगदान के लिए धन्यवाद देता हूं। एसीसी बैठक वर्चुअली आयोजित की गई थी। इसमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का प्रतिनिधित्व उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने किया। वहीं निवर्तमान अध्यक्ष सिल्वा ने एसीसी सदस्यों के अलावा इसके पूर्व पमुख रहे भारत के जय शाह को भी धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि उनके नेतृत्व में एसीसी ने कई अहम उपलब्धियां हासिल की जिसमें एसीसी एशिया कप व्यावसायिक अधिकारों के लिए अब तक का सबसे अधिक मूल्य हासिल करना, नई कार्यक्रम संरचना शुरू करना और एशिया में क्रिकेट के निरंतर विकास का मार्ग प्रशस्त करना आदि है।

# टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने से उत्साहित हैं डफी



हैमिल्टन। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी इससे बेहद उत्साहित हैं। इस खिलाड़ी ने ताजा रैंकिंग में 4 स्थान की छलांग लगाकर वानिंदु हसरंगा, आदिल राशिद, वरुण चक्रवर्ती और अकील होसेन जैसे खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया है। डफी को पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। डफी ने अब तक केवल 23 मैच ही खेले हैं। डफी ने कहा कि आईसीसी रैंकिंग में जगह मिलना बेहद सम्मान की बात है। डफी ने पांच साल पहले दिसंबर 2020 में पाकिस्तान के खिलाफ ऑकलैंड में अपना टी20 डैब्यू किया था। इस गेंदबाज ने अब तक 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 32 विकेट लेकर रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। डफी इसी के साथ ही साल 2018 में स्पिनर ईश सोढ़ी के बाद रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले न्यूजीलैंड के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।, जो पहले शीर्ष स्थान पर थे। पिछले कुछ समय में डफी मैट हेनरी और काइल जैमीसन जैसे नियमित खिलाड़ियों के नहीं होने पर एक प्रभावशाली तेज गेंदबाज के रूप में उभरे हैं। हाल ही में हुई टी20 सीरीज में उन्होंने 8.38 की औसत से अपने 5 मैचों में 13 विकेट लिए हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं, जिन्होंने अब तक 2 मैचों में 5 विकेट लिए हैं।

# दोनो हाथों से गेंदबाजी करने वाले आईपीएल इहिहास के एकमात्र गेंदबाज हैं कामिंदू

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेल रहे ऑफ स्पिनर कामिंदू मेंडिस दोनो ही हाथों से गेंदबाजी करने के कारण सबके आकर्षण का केन्द बने हुए हैं। उन्होंने ईडन गार्डन में हुए पहले ही मैच में दोनों हाथों से गेंदबाजी करते हुए विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। वह आईपीएल इतिहास में ऐसा करने वाले पहले पुरुष गेंदबाज हैं। मेंडिस को टीम ने केवल 75 लाख रुपए में खरीदा पर उनका प्रदर्शन इससे कहीं अच्छा रहा है। वह श्रीलंका की टीम के लिए तीनों प्रारूपों में खेलते हैं। वहीं घरेलू क्रिकेट में वह कोलंबो क्रिकेट क्लब में शामिल हैं। मेंडिस ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत अक्टूबर 2018 में टी20 प्रारूप में इंग्लैंड के खिलाफ की थी। इसके बाद से ही वह टेस्ट और एकदिवसीय में भी श्रीलंका की ओर से खेलते रहे हैं। वह गेंदबाजी के साथ ही अच्छी बल्लेबाजी भी करते है। उनके नाम कई रिकार्ड भी हैं।



मेंडिस टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू के बाद से ही 8 मैचों में 50 से अधिक रन बनाने वाले टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पहले बल्लेबाज हैं। उन्होंने अपने डेब्यू के बाद लगातार 8 टेस्ट मैचों में 50 से अधिक रन बनाए हैं। यह रिकॉर्ड उन्होंने साल 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ गॉल टेस्ट में बनाया था। मेंडिस ने मात्र 13 टेस्ट पारियों में 5 शतक लगाये हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ दो-दो। वहीं इंग्लैंड के खिलाफ एक शतक लगाया है। इससे वह युवा टेस्ट बल्लेबाजों में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। इस क्रिकेटर ने 12 टेस्ट मैचों की 19 पारियों में 74.72 की औसत से 1,184 रन बनाए हैं, जिसमें 5 शतक और 4 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 200 रन है। मेंडिस ने अपने टेस्ट करियर में तेजी से 1,000 रन पूरे किए, जिसमें उनकी निरंतरता और बड़े स्कोर बनाने की क्षमता झलकती है। टेस्ट में सबसे तेज 1000 रन बनाने के मामले में उन्होंने डॉन ब्रैडमैन का रिकॉर्ड बराबर किया था। 19 एकदिवसीय में उनके नाम 353 और 23 टी20 मैचों में 381 रन हैं।

# प्रशंसक बोले, पंजाब किंग्स अगर आईपीएल जीती तो श्रेयस को मिलेंगे ढ़ेरों इनाम

मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेली रहे पंजाब किंग्स अंकतालिका में अभी शीर्ष पर चल रही है। उसने अपने सभी मैच जीते हैं। ऐसे में इस बार टीम को खिताब जीतने की पूरी उम्मीद है। पंजाब किंग्स अभी तक एक बार भी खिताब नहीं जीत पायी है। ऐसे में उसे उम्मीद है कि श्रेयस टीम को इस बार जरुर जीत दिला पायेंगे। श्रेयस की ही कप्तानी में पिछली बार कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने खिताब जीता था। वहीं इसी बीच प्रशंसकों के तरह तरह से वीडियो सामने आ रहे हैं। इसमें कहा जा रहा है कि पंजाब को चैंपियन बनाने पर अय्यर को क्या क्या उपहार मिलेंगे। पंजाब किंग्स की टीम ने आईपीएल नीलामी में श्रेयस को दूसरी सबसे बड़ी बोली 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। श्रेयस ने जिस प्रकार से अब तक जबरदस्त बल्लेबाजी और कप्तानी की है उससे लगता है कि टीम का उनको खरीदने का फैसला सही था। उनके खरीदने है, उससे उनका फ्रेंचाईजी टीम का यह फैसला अब तक सही साबित होता नजर आ रहा है। टीम ने इस सीजन खेले अपने पहले दोनों ही मुकाबले में दमदार जीत दर्ज की है। टूर्नामेंट के पहले मैच में श्रेयस ने 42 गेंदों पर 97 रन की नाबाद पारी खेली जबकि लखनऊ के खिलाफ 30 गेंद खेलकर 52 रन बनाए। अब प्रशंसक उनको पंजाब को आईपीएल चैंपियन बनाने के बाद मिलने वाले मिलने वाले उपहारों की भी मजाक में घोषणा करने लगो हैं। इसी को लेकर एक पोडकास्ट में पूछा गया कि अगर श्रेयस आईपीएल में पंजाब को चैंपियन बनाते हैं तो उनको क्या क्या मिलेगा। इस पर जवाब में कहा गया कि अगर उन्होंने पंजाब की टीम को आईपीएल जिता दिया तो वो सारी जिंदगी के लिए मेरे गांव के सरपंच हो जाएंगे। मोहाली में अय्यर के नाम की कालोनी और सड़कें बनवाएंगे। इसके अलावा उन्हें बंगले के साथ ही 100 एकड़ जमीन भी मिलेगी उनको 10 एकड़ की जमीन में एक शानदार कोठी बनवाकर देंगे। इसके अलावा भी उन्हें कई इनाम मिलेगें।

# वह अच्छी 'रॉन्ग उन' डालता है, कुलदीप यादव ने युवा स्पिनर की तारीफ की

चेन्नई । दुनिया के शीर्ष बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने युवा अफगान गेंदबाज नूर अहमद की तारीफ करते हुए कहा कि बल्लेबाजों के लिए उनकी तेज गति वाली गुगली को समझना काफी मुश्किल है। कुलदीप और नूर अपनी-अपनी टीम के लिए अच्छी फॉर्म में हैं और शनिवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाले मैच में काफी कुछ इन दोनों के प्रदर्शन पर निर्भर होगा। जहां कुलदीप ने तीन मैच में छह से कम की इकॉनमी रेट से पांच विकेट लिए हैं, वहीं नूर इस दौरान नौ विकेट झटके है। वह 6.83 की इकॉनमी रेट के साथ विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। कुलदीप ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, 'वह वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहा है और मैं उसे व्यक्तिगत रूप से जानता हूं। वह ऐसा गेंदबाज है जो सभी से सीखने की कोशिश कर रहा है। कल रात भी हमारी बातचीत हुई थी। मैं उसके साथ बैठा था और हमने लेग-स्पिन के बारे में बातचीत की थी।' भारत के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने कहा, 'और जाहिर है उसके पास एक शानदार 'रॉन्ग उन' गेंद है और इस तरह की गति के साथ बल्लेबाज के लिए उनकी गेंद को समझना बहुत मुश्किल है। कुलदीप ने कहा, 'खासकर जब आप चेन्नई में खेलते हैं तो किसी भी कलाई के स्पिनर के खिलाफ रन बनाना हमेशा बहुत मुश्किल होता है।' कुलदीप ने केकेआर के वरुण चक्रवर्ती की भी बहुत तारीफ की जो भारत की टी20 टीम का एक अहम सदस्य बन गया है। उन्होंने कहा, 'वरुण पिछले एक साल से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। जाहिर है, वह पिछले कुछ साल से केकेआर के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने इस पल तक आने के लिए बहुत अच्छा खेल दिखाया है।'



# घरेलू टीमों के अनुसार बनायी जानी चाहिये पिच : आकाश चोपड़ा

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लगी आईपीएल में जहां कई टीमों ने पिच को लेकर सवाल उठाये हैं। वहीं पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि घरेलू टीमों को अपने अनुसार पिच बनवाने का अधिकार होना चाहिये। उन्होंने कहा कि यह घरेलू टीमों को मिलने वाले लाभ का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हर घरेलू टीम को यह तय करने का अधिकार होना चाहिए कि वे किस तरह की पिच चाहते हैं, उन्हें ये मांग करनी चाहिए, और मुझे लगता उन्हें यह मिलना चाहिए क्योंकि घरेलू लाभ वास्तविक है, और यह केवल दो रूपों में आता है। एक वह पिच जिसे आप चुनते हैं और दूसरा अपने प्रशंसकों का समर्थन। इसके अलावा यह एक दूर का खेल है जो दूसरी टीम को भी मिलता है। चोपड़ा ने का यह भी मानना था कि पिच किसी टीम के प्रदर्शन के लिए सबसे अहम कारक है, यहां तक कि भीड़ के समर्थन से भी ज्यादा। उनका मानना है कि अगर पिच की स्थिति आपके खिलाफ है, तो टीम की पूरी खेल योजना पर पानी फिर सकता है। उन्होंने कहा, सबसे जरुर बात यह है कि वे किस पिच पर खेलने जा रहे हैं। ऐसे में दर्शकों की भीड़ मायने नहीं रखती। साथ ही कहा कि अगर आप पिच को हटा देते हैं, तो मुझे लगता है कि पूरी योजना खराब हो जाएगी। इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने कहा है कि ईडन गार्डन्स में पिच तैयार करने पर उनकी टीम का बहुत कम या कोई प्रभाव नहीं है। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने भी कहा कि उनकी टीम को घरेलू पिच पर लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि उन्हें हाल के सत्रों में अपने घरेलू पिचों को समझने में परेशानी आई। इसके अलावा लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच जहीर खान ने भी कहा कि पिच उनके अनुसार नहीं थी।



# नीरज चोपड़ा वैश्विक भाला फेंक स्पर्धा में हिस्सा लेंगे, विश्व एथलेटिक्स से मिला है ए श्रेणी का दर्जा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा स्टार खिलाड़ियों से सजी वैश्विक भाला फेंक स्पर्धा में शिरकत करेंगे जिसका आयोजन 24 मई को पंचकुला में होगा। इस प्रतियोगिता का नाम नीरज चोपड़ा क्लासिक रखा गया है क्योंकि यह भारतीय स्टार इसके आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहा।

खेल की संचालन संस्था विश्व एथलेटिक्स ने इस प्रतिस्पर्धा को श्रेणी ए का दर्जा दिया है जो ताऊ देवी लाल स्टेडियम में होगी। विश्व एथलेटिक्स की वेबसाइट ने हालांकि इस स्पर्धा को अपने 'कॉन्टिनेंटल टूर% के तौर पर सूचीबद्ध नहीं किया है। यह कैलेंडर हालांकि सत्र की शुरुआत से पहले लगाया गया था।

इससे पहले जनवरी में विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने इस स्पर्धा का समर्थन करते हुए कहा था कि इससे भारत की शीर्ष स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की काबिलियत को प्रदर्शित करने में मदद मिलेगी। इस प्रतिस्पर्धा की आयोजन समिति में चोपड़ा भी शामिल हैं।

जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के साथ मिलकर उन्होंने इस प्रतियोगिता को देश में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स इस प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स कैलेंडर में वार्षिक टूर्नामेंट बनाना चाहते हैं। एएफआई के अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने कहा कि इस टूर्नामेंट से देश की एथलेटिक्स छवि में सुधार आएगा।

सागू ने कहा, 'यह टूर्नामेंट उसी स्थान पर हो रहा है जहां नीरज ने अपने जूनियर शिविर का अधिकांश समय बिताया था। वह इस टूर्नामेंट को अपने गृह राज्य में करवाना चाहते होंगे। नीरज की भागीदारी के साथ देश में इस टूर्नामेंट की मेजबानी करना भारतीय एथलेटिक्स के लिए बहुत अच्छी बात है।' हरियाणा के पानीपत के करीब खांद्रा गांव के रहने वाले 27 वर्षीय चोपड़ा ने 2012 से 2015 तक पंचकुला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में ट्रेनिंग ली थी। चोपड़ा ने हाल में दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी जान जेलेजनी को अपना कोच बनाया है और उनके 16 मई को दोहा डायमंड लीग प्रतियोगिता में अपना सत्र शुरू करने की उम्मीद है। पंचकुला में होने वाला यह टूर्नामेंट इस सत्र में नीरज की दूसरी प्रतियोगिता होगी।



# त्रिविक्रम की फिल्म में काल्पनिक किरदार में नजर आएंगे अल्लू अर्जुन

**पुष्पा राज फेम अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी कई आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में खबर आई थी कि अल्लू जवान के निर्देशक एटली के साथ फिल्म करने वाले हैं, वहीं अब यह चर्चा जोरो पर है कि अल्लू निर्देशक त्रिविक्रम के साथ भी एक पौराणिक फिल्म कर सकते हैं।**

### कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

123 डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, पुष्पा 2 – द रूल की सफलता के बाद अल्लू अर्जुन निर्देशक त्रिविक्रम के साथ अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर काम कर रहे हैं। नागा वामसी ने पुष्टि की है कि इस आगामी प्रोजेक्ट की शूटिंग अक्तूबर 2025 में शुरू होगी। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि यह फिल्म भारतीय पौराणिक कथाओं के एक काल्पनिक किरदार पर आधारित होगी, जिसे अल्लू निभाएंगे।

### फिल्म में कैसा होगा अल्लू का किरदार

वहीं फिल्म में यह अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि इसमें अल्लू भगवान कुमारस्वामी का किरदार निभाते नजर आएंगे। हालांकि, अभी तक निर्माताओं की ओर से इस फिल्म के बारे में कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। बहरहाल, फिल्म की पूरी कास्ट के बारे में अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इतना तय है कि इस फिल्म को नागा वामसी और फॉर्च्यून फोर सिनेमा साथ मिलकर बनाएंगे। उम्मीद है कि यह फिल्म 2026 या उसके बाद रिलीज होगी।

### अल्लू अर्जुन का करियर

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा द रूल 4 दिसंबर 2024 को रिलीज हुई थी। यह अल्लू के करियर की ब्लॉकबस्टर फिल्म रही। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों की कमाई कर कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़े। इस फिल्म में अल्लू के साथ रश्मिका मंदाना की जोड़ी को प्रशंसकों ने खूब पसंद किया।



# अवंतिका दसानी ने झेले ढेरों रिजेक्शन

**वेब सीरीज मिथ्या से अपनी एक्टिंग पारी शुरू करने वाली एक्ट्रेस अवंतिका दसानी ने हाल ही में फिल्म इन गलियों में के जरिए बड़े पर्दे पर अपना डेब्यू किया। इसी सिलसिले में हुई एक खास मुलाकात के दौरान जानी-मानी अदाकारा भाग्यश्री की बिटिया अवंतिका ने अपने फिल्मी सफर के बारे में कुछ रोचक खुलासे किए**

फिल्मी परिवार के बच्चों के बारे में ऐसा माना जाता है कि उन्हें आसानी से थाल में सजाकर फिल्में मिल जाती हैं। हालांकि, यह बात हर स्टार किड पर लागू नहीं होती। कम से कम मैंने प्यार किया फेम एक्ट्रेस भाग्यश्री की बेटी अवंतिका दसानी का अनुभव तो यही रहा है। साल 2022 में वेब सीरीज मिथ्या से एक्टिंग करियर शुरू करने वाली अवंतिका ने हाल ही में फिल्म इन गलियों में के जरिए बड़े पर्दे पर डेब्यू किया है। अवंतिका के मुताबिक, इस फिल्मी सफर में उन्होंने इतने रिजेक्शन सहे हैं कि उसकी गिनती भी याद नहीं।

### पैरंट्स की बदौलत नहीं मिलता काम

स्टार किड होने के बावजूद इंडस्ट्री में अपने संघर्षों के बारे में अवंतिका बताती हैं, हमारी इंडस्ट्री में किस्मत बहुत अहम है। आप जितनी भी कोशिश करो, आप कभी लकी होंगे, कभी नहीं, तो यह बहुत बड़ी चुनौती होती है। साथ ही, कई मुश्किलें ऐसी होती हैं, जिसका लोगों को यकीन भी नहीं होता, जैसे लोगों को लगता है कि हमारे पैरंट्स इंडस्ट्री से हैं तो हमें बड़ी आसानी से काम मिल जाता है, मगर ऐसा नहीं है। मैंने इतने ऑडिशन दिए हैं, इतने रिजेक्शन झेले हैं कि उसकी गिनती भी मुझे याद नहीं है और यह हर रोज होता है। इसके बावजूद, मैं इस उम्मीद में डटी हुई हूं कि शायद आने वाले समय में अच्छा काम मिलेगा, जहां यह दिखा पाऊं कि हममें क्या क्षमता है।

### तय किया था, एक्ट्रेस नहीं बनूंगी

मां भाग्यश्री और भाई अभिमन्यु दसानी के नक्शेकदम पर चलते हुए एक्टिंग को ही करियर चुनने के फैसले पर अवंतिका कहती हैं, असल में मैंने यह फैसला बहुत देर से लिया। मैंने लंदन से बिजनेस ऐंड मार्केटिंग की पढ़ाई की है। मैंने कारपोरेट में काम भी किया है। हालांकि, मुझमें क्रिएटिविटी और परफॉर्मेंस का कीड़ा स्कूल से था। मुझे उसमें मजा आता था, मगर कभी इस चीज को सीरियसली नहीं लिया। उल्टे स्कूल में जब लोग मुझे बोलते थे कि तुझे क्या फर्क पड़ता है, तू तो एक्ट्रेस ही बनेगी तो मुझे बहुत चिढ़ होती थी। मुझे बिल्कुल पसंद नहीं था कि मुझे एक बॉक्स में डाला जाए, क्योंकि मुझे जिंदगी में जो करना है, मैं कर सकती हूं। इसलिए, इसका विरोध करने के लिए मैंने तय किया था कि मैं एक्टिंग नहीं करूंगी। मुझे उन्हें दिखाना था कि चूंकि आपको ऐसा लगता है कि मैं एक्टर ही बनूंगी तो मैं ऐसा नहीं करूंगी। इसलिए, मैंने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन और मार्केटिंग में अंडर ग्रेजुएशन किया। काम भी किया लेकिन मैं अपने काम को उतना एंजॉय नहीं कर रही थी। कहीं ना कहीं वह क्रिएटिविटी मुझे खींच रही थी, तब मैंने एक्टिंग वर्कशॉप करना शुरू किया और मुझे एक्टिंग के प्रॉसेस से प्यार हो गया। मम्मा कहती हैं, आंखों में सचाई दिखनी चाहिए अवंतिका को अपनी मां भाग्यश्री से सबसे पते की सलाह क्या मिली? यह पूछने पर उन्होंने बताया, मम्मा एक ही चीज बोलती हैं कि आप जो भी डायलॉग बोलो, कुछ भी ऐक्शन करो, वो इमोशन आपकी आंखों में दिखना चाहिए। अगर वह आपकी आंखों में नहीं है तो उसका कोई मतलब नहीं है। आंखों में सचाई दिखनी चाहिए। आज भी अगर मैं ऑडिशन दे रही हूं और मम्मा मेरा ऑडिशन टेप कर रही होती हैं, तो बोलती है कि आंखों में नहीं दिख रहा है, एक बार फिर से करो। यह मम्मा की सबसे बड़ी सीख रही है। वहीं, फिल्म इन गलियों में के लिए एक आम सब्जीवाली के किरदार में ढलने की तैयारी के बाबत वह बताती हैं, असल में हमें तैयारी करने के लिए ज्यादा वक्त नहीं मिला था। शूटिंग से पहले दो हफ्ते ही मिले थे, मगर मैंने अपने डायलेक्ट पर बहुत काम किया। हमारे डायलेक्ट कोच थे, उनकी मदद से काफी रिहर्सल की, ताकि शूटिंग में मेरा किरदार बनावटी ना लगे।



# ओटीटी प्लेटफॉर्म ने कई नए लोगों को मौके दिए

विवान शाह की फिल्म कोट हाल ही में वेव्स पर रिलीज हुई है। इसमें संजय मिश्रा भी लीड रोल में हैं।

### किस चीज ने आपको फिल्म कोट करने के लिए प्रेरित किया?

यह एक ऐसी कहानी है और किरदार है, जो मेरे तजुर्बे और समझ से बहुत ही बाहर है। इसे जीवित करने के लिए कल्पना, इंसानियत और ऑब्जर्वेशन की जरूरत पड़ी। यह ऐसे लोगों की कहानी है जिन्हें कई बार हम देखते रहते हैं लेकिन हम उनके बारे में सोचते नहीं हैं। यह मेरे लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण कहानी थी। ये हमारी एक छोटी सी कोशिश है, जो समस्याएं हैं उन्हें सुधारने की। इसमें जो मेरा किरदार है उसे एक एक्टर और इंसान के तौर पर निभाना बहुत बड़ा चैलेंज है। शायद इसी चीज ने मुझे इस कहानी का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया।

### अब फिल्म ओटीटी पर है तो इस बारे में आप क्या कहेंगे?

मैं बहुत खुश हूं कि फिल्म ओटीटी पर आई है और एक ऐसे प्लेटफार्म पर है, जिसकी परंपरा बहुत पुरानी है। दूरदर्शन (वेव्स) के जरिए बहुत बड़ी कहानियां और फिल्में एक बड़ी ऑडियंस तक पहुंच पाईं। दूरदर्शन एक इंपॉर्टेंट इंस्टीट्यूशन है और मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि मेरी फिल्म इस प्लेटफार्म पर रिलीज हुई है क्योंकि यह इंस्टीट्यूशन हम सभी के दिलों के बेहद करीब है। ये हमारे बड़े होने के दौरान का एक बहुत बड़ा हिस्सा था और आज

### क्या ओटीटी आने के बाद इंडस्ट्री में कुछ बदलाव आए हैं?

जी हां। बहुत सारे बदलाव आए हैं। बहुत सारे बढ़िया मौके मिले हैं। बहुत सारे कलाकारों को चाहे वो अभिनेता हों, अभिनेत्रियां हों या फिर डायरेक्टर-राइटर-टेक्निशियन हों। ओटीटी ने कई लोगों को मौके दिए हैं और इसके आने से काम के मौके भी बढ़े हैं। साथ-साथ एक्सपेरिमेंट्स के भी मौके बढ़ गए हैं। हमारी इंडस्ट्री के लिए बहुत ही बड़ा रिवॉल्यूशन है।

# कार्तिक आर्यन की फिल्म से आउट हुईं श्रीलीला



श्रीलीला इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं, जिनमें हाल ही में साउथ अभिनेता नितिन के साथ उनकी तेलुगु फिल्म रॉबिनहुड रिलीज हुई है। वहीं श्रीलीला, कार्तिक के साथ एक अनाम फिल्म में नजर आएंगी, लेकिन वहीं अब उन्हें कार्तिक की ही एक फिल्म से निकाल दिया गया है। एक खबर के मुताबिक, श्रीलीला को कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म पती पत्नी और वो के सीक्वल में फाइनल कर लिया गया था, लेकिन आखिरी मौके पर फिल्म के निर्माताओं ने उन्हें हटा दिया। कहा जा रहा है कि यह फिल्म पति पत्नी और वो का सीक्वल है, जिसमें श्रीलीला को लगभग फाइनल कर ही लिया गया था। लेकिन अब उनकी जगह रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी को ले लिया गया है। वहीं, श्रीलीला इस समय कार्तिक आर्यन के साथ अपनी पहली अनाम हिंदी फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। इस शूटिंग के वीडियो सोशल मीडिया पर पहले ही वायरल हो चुके हैं।

# अखंडा 2-थंडवम में राजनीतिक नेता की भूमिका निभाएंगी विद्या बालन



साउथ सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण और निर्देशक बोयापति श्रीनु की फिल्म अखंडा के दूसरे पार्ट की घोषणा की जा चुकी है। दिलचस्प बात यह है कि अब इस फिल्म में उस बॉलीवुड अभिनेत्री की एंट्री हुई है, जिन्हें आप इस किरदार में खूब पसंद करेंगे। नतासिम्हा नंदमुरी बालकृष्ण इन दिनों अपनी सुपरहिट फिल्म अखंड की बहुप्रतीक्षित अगली कड़ी अखंडा 2 – थंडवम की शूटिंग में व्यस्त हैं। बोयापति श्रीनु के निर्देशन में बन रही यह फिल्म तेजी से तैयार हो रही है। एक खबर के अनुसार, बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन को फिल्म में एक अहम किरदार के लिए चुना गया है। कहा जा रहा है कि वह एक राजनीतिक नेता की भूमिका निभाएंगी। यह बालकृष्ण के साथ उनकी दूसरी फिल्म होगी, इससे पहले वह एनटीआर की बायोपिक में उनके साथ काम कर चुकी हैं। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अखंडा का दूसरा पार्ट अखंडा 2 आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया जा चुका है। निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया था और महाकुंभ मेले में अखंडा 2– तांडवम के कुछ महत्वपूर्ण एपिसोड शूट किए गए थे। फिल्म अखंडा 2 पैन इंडिया स्तर पर रिलीज की जाएगी।



# शारिब हाशमी ने बताया 'द फैमिली मैन' के तीसरे सीजन में क्या होगा नया

मनोज बाजपेयी की सुपरहिट वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' के तीसरे भाग का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब तक इस सीरीज के दो पार्ट आ चुके हैं और दोनों को ही लोगों ने काफी पसंद किया है। अब इसके आने वाले तीसरे भाग को लेकर शारिब हाशमी ने बात की है। साथ ही उन्होंने ये दावा किया है कि आने वाले तीसरे सीजन में मजा भी तीनगुना होने वाला है और सीरीज में कई नए तथ्य भी देखने को मिलेंगे।

### काफी बड़े पैमाने पर होगा सीजन 3

बातचीत में शारिब हाशमी ने 'द फैमिली मैन' के तीसरे सीजन को लेकर बात की। उन्होंने कहा, तीसरे सीजन में मेरे किरदार में काफी कुछ नया है। हम नई चीजें सीखेंगे, ज्यादा मौज मस्ती करेंगे और यह सीजन बाकी दोनों सीजन से काफी बड़े स्तर पर होने वाला है। पहले सीजन को लोगों ने पसंद किया। इसके बाद दूसरे सीजन में लोगों का मजा दोगुना हो गया। अब तीसरे सीजन में गारंटी लेता हूं कि सभी का मजा तीन गुना होने वाला है।

### मेरे लिए किरदार में ढलना आसान था

सीरीज में अपने किरदार जेके तलपड़े के बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा, मेरे लिए किरदार में ढलना काफी आसान था। क्योंकि मैं मुंबई में ही पैदा हुआ और यहीं पर बड़ा हुआ हूं। मैं चारों तरफ मराठी भाषा बोलने वाले लोगों से ही घिरा रहता हूं। मैंने 10वीं कक्षा तक स्कूल में मराठी पढ़ी है। मेरे अधिकांश दोस्त महाराष्ट्र से ही हैं। इसलिए मिला जेके तलपड़े का किरदार शारिब ने आगे बताया कि उनकी भाषा में कई तरह के प्रभाव देखने को मिलते हैं, क्योंकि उनके पिता उत्तर प्रदेश से और मां दिल्ली से थीं। हालांकि, उन्हें मराठी काफी पसंद है। इसलिए जब उन्होंने 'द फैमिली मैन' के लिए ऑडिशन दिया, तो निर्माताओं ने उन्हें जेके तलपड़े का किरदार निभाने को दिया।

### 'संदूक' में नजर आए शारिब

वर्कफ्रंट की बात करें तो शारिब हाशमी की हालिया रिलीज 'संदूक' है, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर स्ट्रीम कर रही है। इसके अलावा वो इसी साल रिलीज हुई जॉन अब्राहम की फिल्म 'द डिप्लोमेट' में भी नजर आए थे।

# विश्वंभरा में अभिनय के साथ गायकी का हुनर दिखाएंगी चिरंजीवी?



विश्वंभरा को लेकर फैंस के बीच उत्साह बना हुआ है। फैंस फिल्म से जुड़ी जानकारी का इंतजार करते हैं। अब फिल्म पर नया अपडेट सामने आया है चर्चा है कि चिरंजीवी ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरवानी के निर्देशन में विश्वंभरा के एक गाने को अपनी आवाज दे सकते हैं हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यह सच हुआ तो इससे फैंस काफी खुश होंगे।

फिल्म में तृषा कृष्णन, आशिका रंगनाथ, कुणाल कपूर, राम्या पसुपलेटी, ईशा चावला और आश्रिता वेमुगंती नंदूरी मुख्य भूमिकाओं में हैं यूवी क्रिएशंस द्वारा निर्मित यह फिल्म अगस्त या सितंबर 2025 में सिनेमाघरों में आने की उम्मीद है।

समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# धूमधाम से मनाया गया भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल का जन्मदिन

**भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ मनाया पंकज पूजन रामपाल का जन्मदिन**



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी फ़रीदाबाद के नवनिर्वाचित ज़िला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल का जन्मदिन ज़िला कार्यालय 'अटल कमल' पर धूमधाम से मनाया गया। अपने प्रिय जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल को बधाई एवं शुभकामनायें देने ज़िला कार्यालय पर उत्साहित कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ी। कार्यकर्ताओं ने ज़िला अध्यक्ष को फूलमाला व पुष्पगुच्छ देकर एवं मिठाई खिलाकर और केक काटकर उनके जन्मदिन को धूमधाम से मनाया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंकज रामपाल जी की लंबी आयु और उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की। भाजपा के मंत्रियों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं ने भी ज़िला अध्यक्ष पंकज रामपाल को आशीर्वाद स्वरूप जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की। इसके अलावा पंकज रामपाल को सोशल मीडिया के माध्यम से भी हजारों की संख्या में बधाई संदेश मिले, पंकज रामपाल ने भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और अपने प्रिय जनों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर श्री पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और साथी कार्यकर्ताओं से मिले प्यार, आशीर्वाद और शुभकामनाओं से अभिभूत हूँ और सभी का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूँ। इससे पूर्व श्री रामपाल ने अशोका इन्क्लेव स्थित देवस्थल मंदिर में भारत उत्थान फाउंडेशन व बेटी बचाओ बेटी पढ़ो जिला संयोजक प्रतिभा तिवारी व अभिषेक तिवारी के संयोजन में अशोका इन्क्लेव स्थित देवस्थल मंदिर में 108 कन्याओं का पूजन कर माता रानी को भोग लगाया, प्रसाद वितरण किया और माँ भगवती का आशीर्वाद लिया।

**इन नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पर प्रेषित की शुभकामनाएं**

भाजपा बल्लभगढ़ जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश रक्षवाल, जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेंद्र जांगड़ा, जिला उपाध्यक्ष वजीर सिंह डागर, लक्ष्मण तंवर, पार्षद हरेंद्र भड़ाना, जिला सचिव गोल्डी अरोड़ा, पंकज सिवाल, पार्षद मुकेश अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, सह मीडिया प्रभारी राज मदान, कार्यालय सचिव सचिन गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष शोभित अरोड़ा, वीरेंद्र यादव, सत्येन्द्र पांडेय, मुकेश शर्मा, गिर्राज त्यागी, हरीश बैसला, सुधीर मेहता, तृप्ति माला, करण गोयल, करण सिंगला, विमल खंडेलवाल, अजित नम्बरदार, संदीप चाहर, हरीश धनखड, अनुराग गर्ग, योगेश तेवतिया, नरेश सैनी, प्रवीण चौधरी गर्ग, सचिन मेहता शालीन, राजेश चौधरी, नंद कश्यप, धर्म चौधरी, संजय डागर, मोनू बापू नगर, ओमबीर, सचिन ठाकुर, राजकुमार शर्मा, मुनिराज भामरी, सुरेंद्र शर्मा बबली, तरुण, मधुसूदन मटोलिया, नीलम चौधरी, सीमा भारद्वाज, अशोक कुकरेजा, अरुणिमा सिंह, राजीव गुप्ता, संजय अरोड़ा, अश्विनी गुलाटी, गौतम भड़ाना, शिवम रतन, सचेत जैन, अभिषेक आदि उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पहुंचकर अपनी बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की।

# एनएचएम कर्मचारियों ने नवनियुक्त सिविल सर्जन डॉ जयंत आहूजा का किया गर्म जोशी से स्वागत




**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ जिला कार्यकारिणी फरीदाबाद ने राज्य सह मंत्री व विभाग प्रमुख धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में करीब 200 एनएचएम कर्मचारियों नवनियुक्त सिविल सर्जन डॉक्टर जयंत आहूजा जी का गर्म जोशी से स्वागत किया। तथा एनएचएम की लंबित मांगों को लेकर वह जिओ फेंसिंग को लेकर सिविल सर्जन डॉक्टर जयंत आहूजा को मिशन निदेशक एनएचएम पंचकूला के नाम ज्ञापन सोपा जिसमें स्वास्थ्य कर्मचारी संघ फरीदाबाद की समस्त जिला कार्यकारिणी उपस्थिति रही।

प्रधान धर्मेंद्र ने बताया की NHM कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पिछले कई सालों से मिशन निदेशक और मुख्यमंत्री से मिल भी चुके और लिखित में अपनी मांगों को मनवाने के लिए मुलाकात भी कर चुके लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात है की सरकार ने एनएचएम के लिए कोई सही कदम नहीं उठाया। आज हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाएं एक नंबर पर बताई जाती हैं जो साहब एनएचएम कर्मचारियों की मेहनत का ही नतीजा है मगर सरकार उन्हें कुछ देने की बजाय उनके बायोलॉज को फ्रीज कर रही है जिसके लिए अभी कुछ दिन पहले पूरे हरियाणा के एनएचएम कर्मचारियों ने सीएम आवास पर जाकर मुख्यमंत्री से अपनी मांगे अवगत कराने की कोशिश की थी। जिस पर एनएचएम कर्मचारियों को कोई वित्तीय सहायता या कोई अन्य सहायता मिलने की बजाय सिर्फ लाठी डंडों से पिटाई और पानी की बौछारें साथ में आंसू गैस के गले बरसाए गए यहां तक की महिला कर्मचारियों पर पुरुष पुलिस कर्मचारी द्वारा डंडे बरसाए गए। जो बहुत निंदनीय है और हाल ही में मिशन निदेशक महोदय ने एक लेटर जारी किया जिसमें लिखा है की सिर्फ एनएचएम कर्मचारियों को जिओ फेंसिंग अटेंडेंस लगानी होगी जो की पूरे हरियाणा में सिर्फ एनएचएम कर्मचारियों पर लागू होगी। यह संकेत है की एनएचएम कर्मचारियों का पूरी तरह से शोषण किया जा रहा है आज पूरे हरियाणा में सीएमओ के माध्यम से एमडी एनएचएम को ज्ञापन दिया गया की एन एच एम कर्मचारी इस बायो फेंसिंग अटेंडेंस का विरोध करते हैं क्योंकि यह बायो फेंसिंग हमारी लोकेशन और हमारे निजी डेटा का दुरुपयोग कर सकता है इसलिए हम सभी एनएचएम कर्मचारियों इसका पुरविरोध करते हैं अगर सरकार कर्मचारियों की मांगपूरी नहीं करती तो एनएचएम कर्मचारियों किसी बड़े आंदोलन का हिस्सा बनेंगे। जिसकी सारी जिम्मेवारी सरकार व प्रशासन की होगी।

# मौजूदा वर्ष में 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों को मिला दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली का लाभ




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के अंतर्गत गुरुग्राम मंडल में आईटीआई प्रशिक्षुओं के लिए बेहतर कार्यशाला अवसरों का निर्माण करने के उद्देश्य से शुक्रवार को गुरुग्राम में मंडल स्तरीय किक ऑफ वर्कशॉप का आयोजन किया गया। मंडलायुक्त रमेश चंद्र बिधान की अध्यक्षता में यह वर्कशॉप पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित की गई थी। कार्यशाला में एसडीआईटी हरियाणा से अतिरिक निदेशक(तकनीकी) राज कुमार व गुरुग्राम मंडल की विभिन्न आईटीआई के प्राचार्य व औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंडलायुक्त रमेश चंद्र बिधान ने कहा कि सभी इंडस्ट्रीज जर्मन पैटर्न की स्टडी कर डीएसटी की दिशा में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि अगर कोई औद्योगिक संस्थान ऐसा करता है तो कोर्स पूरा होने के पहले दिन से ही उस संस्थान को 'जॉब रेडी' कर्मचारी मिलना तय है। मंडलायुक्त ने कहा कि आईटीआई संस्थानों में पढ़ाई के दौरान थ्योरी के साथ साथ प्रैक्टिकल नॉलेज का होना जरूरी है, लेकिन इसके लिए संस्थानों में स्थापित प्रैक्टिकल लैबों में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी औधोगिक इकाइयों की माँग के अनुरूप दक्ष हो , इसके लिए औधोगिक इकाइयों को उनके साथ रेगुलर कमर्चारी की तरह व्यवहार करने के बजाय एक प्रशिक्षु की तरह उनको सिखाने की प्रक्रिया पर बल देना चाहिए। मंडलायुक्त ने कहा कि औद्योगिक संस्थान डीएसटी विद्यार्थियों को अपनी इकाई की सभी लाइन्स पर प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें ताकि प्रशिक्षण के उपरांत उसे उसकी कार्यक्षमता के अनुरूप उसी संस्थान में प्लेसमेंट दी जा सके।

# इतिहास विभाग के इंटैक यंग क्लब द्वारा इंडक्शन व पुरस्कार वितरण का आयोजन



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय में इतिहास विभाग के तत्वावधान में इंटैक यंग हैरिटेज क्लब द्वारा इंडक्शन व ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी आनंद मेहता, संयोजक इंटैक फरीदाबाद चैप्टर व प्रधान दयानन्द शिक्षण संस्था पधारे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शरद भसीन, श्रीमती हरप्रीत कौर, श्रीमती पूर्णिमा उपस्थित रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० संजीव कुमार गुप्ता जी ने की। इस कार्यक्रम में बी०ए० प्रथम वर्ष की 32 नई छात्राओं को इंटैक यंग हैरिटेज क्लब में शामिल करते हुए मुख्य अतिथि महोदय ने उन्हें बैज व क्लब पासपोर्ट प्रदान किये। साथ ही, अन्त: महाविद्यालय स्तर की भारत के विभिन्न ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरुस्कृत किया गया व इंटैक में जुड़े नए छात्रों को इंटैक यंग हैरिटेज क्लब की शपथ दिलाई गयी।

इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ० जयपाल सिंह ने बताया कि अग्रवाल महाविद्यालय विगत पंद्रह वर्षो से निरंतर प्रतियोगिताएं व शैक्षणिक भ्रमण द्वारा युवा पीढ़ी को भारत की ऐतिहासिक विरासतों, इमारतों व संस्कृति का ज्ञान कराता रहता है। मुख्य अतिथि श्री आनंद मेहता जी ने कहा कि अग्रवाल महाविद्यालय इंटैक यंग हैरिटेज क्लब के निर्माण से ही निरतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। प्राचार्य महोदय जी ने कहा कि ऐतिहासिक अभिलेख व धरोहर हमारे अतीत की गौरव गाथाएं हैं और इनका संरक्षण हमारा परम कर्तव्य है। डॉ० सुप्रिया ढांडा ने मच सञ्चालन किया।

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम हिमानी गोयल, द्वितीय अंजलि डागर, तृतीय रश्मि और रिमझिम, सांत्वना पुरस्कार भूमिका, सिम्मी, भारती, स्नेहा, सोम्या ने प्राप्त किया। अंत में इतिहास विभाग की सहायक प्रवक्ता डॉ० सुप्रिया ढांडा ने सभी का धन्यवाद किया।

# वाहन चेकिंग के दौरान जान से मारने की नियत से पुलिसकर्मी पर गाड़ी चढ़ाने के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी पर जान से करने की नीयत से गाड़ी चढाने के मामले में पुलिस चौकी टाउन नंबर 2 की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया सिपाही साद्दिक पुलिस चौकी चरःक्क ने पुलिस चौकी टाउन नंबर 2 में दी अपनी शिकायत में बताया कि 3 अप्रैल को ट्रैफिक पुलिस की टीम मेट्रो मोड फरीदाबाद पर वाहन चैकिंग कर रही थी, तभी एक चालक बिना नंबर प्लेट व काले शीशो की गाड़ी तेज रफ्तार से ट्रैफिक पुलिस टीम की तरफ लेकर आया, जिसको चेकिंग के लिए रुकने का इशारा किया तो उसने गाड़ी धीमी करने की बजाय और तेजी से चेकिंग टीम की तरफ लाया जो सिपाही साद्दिक को टक्कर मारती हुई निकल गई। चालक को पकड़ने के लिए पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया उसके बाद भी गाड़ी चालक ने 3 बार गाड़ी पुलिस कर्मी पर चढ़ाने की कोशिश की गई। काफी देर पीछा करने के बाद आरोपी को फागना चौक फरीदाबाद से काबू किया है। जिसकी शिकायत पर थाना कोतवाली में जान से करने का प्रयास व अन्य धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। आरोपी ने पूछताछ में बतलाया कि उसकी मोबाइल की दुकान है, 3 अप्रैल को वह अजरौंदा चौक से अपने घर डबुआ में जा रहा था। मेट्रो चौक के पास पुलिसकर्मी वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, उसकी गाड़ी पर नंबर प्लेट नहीं थी तथा ब्लैक फिल्म चढ़ी हुई थी। जब ट्रैफिक कर्मचारी ने उसको रोकने की कोशिश की लेकिन उसने गाड़ी न रोककर टक्कर मार दी और वहां से भाग गया। पुलिस कर्मियों ने मोटरसाइकिल से उसका पीछा किया और उसको रुकवाने की कोशिश की तो फिर से उसने पुलिसकर्मी को टक्कर मारी। जिससे वारदात में प्रयोग गाड़ी को बरामद किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।


**फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट**
**संपर्क करें: 9811153271**




davaindia
GENERIC PHARMACY

| कैटेगरी | दवाइंडिया की कीमतें | दवाई की मार्केट में औसतन कीमत | बचत (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| बीपी एवं हार्ट | ₹ 20 (10 Tab) | ₹ 67 (10 Tab) | 70% |
| एंटी-डायबिटीज | ₹ 30 (15 Tab) | ₹ 204 (15 Tab) | 85% |
| मल्टीविटामिन | ₹ 50 (15 Tab) | ₹ 110 (15 Tab) | 54% |
| नेफ्रो | ₹ 33 (10 Tab) | ₹ 347 (10 Tab) | 90% |
| डर्मा | ₹ 45 (04 Tab) | ₹ 99 (04 Tab) | 54% |
| पेन रिलीफ मेडिसिन | ₹ 35 (10 Tab) | ₹ 130 (10 Tab) | 73% |
| एंटी-कोल्ड / एलर्जी | ₹ 27 (10 Tab) | ₹ 226 (10 Tab) | 88% |
| एंटासिड | ₹ 25 (10 Tab) | ₹ 140 (10 Tab) | 82% |

फार्मा में 35+ सालों का अनुभव | NABL लैब द्वारा प्रमाणित प्रोडक्ट्स | सभी प्रोडक्ट्स WHO सर्टिफाइड प्लांट्स में निर्मित | 2000+ प्रोडक्ट्स उपलब्ध

Khadi India के सभी प्रोडक्ट्स उपलब्ध



1000+ Stores | 200+ Districts | 26 States

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे 9811153271

